तापमान
अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 7 मई 2025

15 बेमता में हुई हत्या का खुलासा मृतक की पत्नी-बेटा व सास...


16 सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा 5900 आवेदन आवास के...


# पिक एंड ड्राप की फ्री टाइमिंग पर रायपुर में कंजूसी, सिर्फ पांच मिनट, अहमदाबाद से आधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में पिक एंड ड्राप की फ्री टाइमिंग तय करने में कंजूसी की गई है। दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे विमानतलों में इसके लिए आठ से दस मिनट निर्धारित किया गया है, जबकि रायपुर में पांच मिनट की मोहलत दी गई है। यात्रियों को छोड़ने और पिकअप करने पांच मिनट के वक्त को कम बताते हुए इस पर सवाल खड़ा किया गया है।

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट प्रबंधन ने आए दिन वाहनों की एंट्री और ठेका एजेंसी के कर्मचारियों के बीच होने वाले विवाद की शिकायतों के बीच अक्टूबर 2024 में पार्किंग शुल्क का निर्धारण किया था। इस दौरान यात्रियों को एयरपोर्ट लाने और यहां से ले जाने वाले वाहनों के लिए पांच मिनट की समय सीमा तय की थी। प्रबंधन सूत्रों का दावा था विभिन्न बिंदुओं और ▶▶|शेष पेज 15 पर

## स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में मिलता है पांच मिनट, बनती है विवाद की स्थिति

### छग सिविल सोसाइटी का सांसद को पत्र

यात्रियों की समस्या और विमानतल पर बनने वाली विवाद की स्थिति को समाप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखा है। उन्होंने विमानतल पिक एंड ड्राप की कम फ्री टाइमिंग को वसूली का तरीका बताया है। इसके साथ एयरपोर्ट पर नान सांइटिफिक तरीके से बनाए गए खतरनाक ब्रेकर की समस्या से सांसद को अवगत कराते हुए हस्तक्षेप कर एयरपोर्ट प्रबंधन से उसे हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि यात्रियों की सुविधा के लिए निशुल्क समय को दस मिनट किया जाना चाहिए।



### पिक एंड ड्राप वाहनों की फ्री टाइमिंग

| | |
|---|---|
| रायपुर | 5 मिनट |
| हैदराबाद | 8 मिनट |
| भोपाल | 6 मिनट |
| इंदौर | 7 मिनट |
| दिल्ली | 8 मिनट |
| अहमदाबाद | 10 मिनट |

### आवाजाही कर रहे 59 हजार यात्री

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट प्रबंधन के आंकड़ों के अनुसार यहां हर सप्ताह संचालित होने वाली 444 उड़ानों में 59 हजार यात्रियों की आवाजाही हो रही है। यानी प्रतिदिन रायपुर विमानतल पर अपनी यात्रा शुरू करने अथवा खत्म करने वालों की औसत संख्या आठ हजार से अधिक है। इन यात्रियों को विमानतल तक लाने ले जाने के लिए प्रतिदिन डेढ़ से दो हजार वाहनों की आवाजाही होती है। पिक एंड ड्राप की निशुल्क व्यवस्था के साथ यहां अलग-अलग वाहनों के लिए अलग-अलग समय के हिसाब से पार्किंग शुल्क भी निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के वाहन के साथ स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को चोरी की वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी लक्ष्मण बारले चंदनीडीह आमानाका का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को चोरी की एक्टिवा के साथ धर दबोचा। उसके विरुद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



### पारधी गैंग के दो शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले पारधी गैंग के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी सूरज नारायण शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 अप्रैल को दोपहर 1 बजे ग्राम जलसो के नीलगिरी जंगल के पास उसकी कार का दराज को खोलकर बाइक सवार तीन लोग सोने की चेन एवं नकदी रकम चोरी कर ले गए थे। इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आनंत पारधी तथा महेश पारधी को गिरफ्तार किया है। दोनों डगारडीह देवगांव खरोरा के रहने वाले हैं। इस चोरी में आरोपियों का तीसरा साथी गोविंद पारधी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दोपहिया वाहन जब्त किया है।



### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी एबी वासुदेव बिजली ऑफिस के पास रामनगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। पुलिस को 6 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि दंतेश्वरी मंदिर के पास एक लड़का चाकू लेकर घूम रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।



*तीन साल से किसानों से लेने वाले दूध की कीमत नहीं बढ़ी, लेकिन बेचने वाले दूध के दस रुपए बढ़ गए दाम*

# दूध में बड़ा खेल, किसानों से 33 में लेकर 68 रुपए लीटर तक में बेच रहीं कंपनियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दूध बेचने वाली कंपनियां ग्राहकों के साथ बड़ा खेल कर रही हैं। उत्पादक और कारोबारी पूरा सिंडीकेट बनाकर दाम तय करके ग्राहकों को लूटने में लगे हैं। दूध में अपने राज्य के साथ देशभर में नकली महंगाई का उबाल आया हुआ है। दूध बेचने वाली कंपनियां कभी भी दाम बढ़ा देती हैं। इस माह से फिर से दूध के दाम दो रुपए बढ़ गए हैं। सोचने वाली बात है किसानों से जो दूध 33 रुपए लीटर में लिया जाता है, उसको 68 रुपए तक में बेचा जा रहा है। तीन साल में किसानों से लिए जाने वाले दूध के दाम तो नहीं बढ़े हैं, लेकिन कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले दूध के दाम दस रुपए बढ़ गए हैं। जो साधारण दूध तीन साल पहले 48 रुपए था, वह अब 58 रुपए हो गया है। फैट वाले दूध के दाम 62 से 68 रुपए तक हैं। सबसे सस्ता भले देवभोग का दूध है, लेकिन किसानों से सबसे ज्यादा दूध भी देवभोग दुग्ध महासंघ को मिलता है।

छत्तीसगढ़ में देवभोग दुग्ध महासंघ किसानों से 33 रुपए लीटर में दूध ले रहा है। तीन साल पहले इसके दाम 31 रुपए थे, लगातार किसानों के दबाव के बाद जनवरी 2023 में दो रुपए कीमत बढ़ाई गई थी। अब 33 रुपए में दूध लिया जा रहा है। तीन साल से दूध के दाम बढ़े ही नहीं है। यहां के किसानों से इसी कीमत पर वचन और गाया भी दूध ले रहे हैं। किसान अमूल को दो सीधे दूध नहीं बेच रहे हैं, कहा जाता है, देवभोग से अमूल को पिछले दरवाजे से जरूर दूध बेचा जाता है।



### दाम 58 से 68 रुपए लीटर

प्रदेश में देवभोग दुग्ध संघ प्रदेश के किसानों से 33 रुपए लीटर में दूध लेकर 62 रुपए लीटर में बेच रहा है। देवभोग के अलग-अलग ब्रांड के दाम भी अलग-अलग हैं। फैट वाला सुप्रीम दूध जहां 62 रुपए लीटर है, वह गोरस के दाम 57 रुपए हैं। पॉवर दूध के दाम 56 रुपए हैं। अन्य कंपनियों की बात करें तो अमूल का फैट वाला गोल्ड दूध सबसे महंगा 68 रुपए लीटर है। ज्यादातर कंपनियों के फैट वाले दूध के दाम 66 से 68 रुपए हैं। बिना फैट वाले दूध के दाम ही सबसे कम हैं। यही दूध सबसे ज्यादा बिकता है। इस दूध के दाम सभी कंपनियों के 58 रुपए लीटर हैं।

### फैट कम तो दाम आधे

किसानों का दूध लेते समय कंपनियां दूध की जांच करती है। अगर फैट कम पाया जाता है तो कीमत सीधे आधी कर दी जाती है। ऐसा दूध 15 से 16 रुपए में लिया जाता है। जानकारों का कहना है, किसानों के दूध में फैट कम होने की बात कहते हुए भी कंपनी के अधिकारी कम कीमत पर दूध ले लेते हैं और ये दूध दूसरी कंपनियों को बेच दिया जाता है।

### तीन साल से 33 रुपए दाम

किसानों से पिछले तीन साल से 33 रुपए लीटर में ही दूध लिया जा रहा है। लगातार मांग के बाद भी दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं, जबकि कंपनियां दूध के दाम कभी भी बढ़ा देती हैं।

**- साधराम पटेल,** अध्यक्ष छत्तीसगढ़ दूध उत्पादक संघ


### दस रुपए तक बढ़े दाम

तीन साल में दूध के दाम दस रुपए तक बढ़े हैं। लेकिन जहां तक किसानों के दूध के दाम का सवाल है को उसके दाम अब तक नहीं बढ़े हैं। छत्तीसगढ़ दुध उत्पादक संघ के अध्यक्ष साधराम पटेल का कहना है कि किसानों से कम दाम पर दूध लेकर ज्यादा दाम पर बेचते हैं, लेकिन किसानों के दाम नहीं बढ़ाए जाते हैं। लंबे समय से दाम बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, पर दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं।देवभोग को कम दूध 2018-19 में देवभोग को किसान एक लाख लीटर दूध से ज्यादा देते थे, लेकिन जहां किसानों को दूध की कीमत सही नहीं मिलती थी, वहां पैसे भी दो से ढाई माह में मिलते थे। ऐसे में किसानों ने हाथ खड़े कर दिए और देवभोग को दूध देना कम कर दिया। अब जबकि देवभोग दूध का नेशनल डेयरी में विलय हो गया है तो दूध के पैसे 10 से 20 दिनों में मिलने के कारण किसान अब देवभोग को करीब 60 से 70 हजार लीटर दूध बेच रहे हैं। बाकी दूध किसान सीधे दूसरे कंपनियों को बेच रहे हैं। वचन को रोज 20 से 30 हजार लीटर दूध सीधे बेचा जा रहा है। इसकी कीमत 33 रुपए मिल रही है, लेकिन यह कीमत तत्काल मिल जाती है। इसी के साथ गाया तो रोज पांच से दस हजार लीटर दूध किसान दे रहे हैं।

## विचाराधीन कैदी की संदिग्ध मौत, परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाकर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सेंट्रल जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी की मौत हो गई। जेल प्रशासन जहां कैदी की मौत का कारण तबीयत बिगड़ना बता रहा है, वहीं मृतक के परिजनों का आरोप है कि जेल में उसके साथ मारपीट की गई है, जिसमें उसकी जान चली गई। मृतक के परिजनों का यह भी आरोप है कि कैदी की मौत की खबर को जेल प्रशासन ने छिपाने का प्रयास किया है, इसलिए मौत की सूचना तक परिजनों को नहीं दी गई। इस मामले में परिजनों ने आंबेडकर अस्पताल में भी जमकर हंगामा किया। उनका कहना है कि जब तक घटना की जांच नहीं की जाएगी, तब तक शव को अपने साथ ले नहीं जाएंगे।




घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर में जेल में हत्या की सजा में बंद विचाराधीन कैदी मोहम्मद शादाब 35 वर्ष की मौत हो गई। उसकी मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर लाया गया। इधर कैदी की मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजन भी तत्काल चीरघर पहुंचे और उसकी मौत के लिए जेल प्रशासन की लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मृतक के भाई मो. सरवर का कहना है कि जेल में उसके भाई के साथ मारपीट की गई है, ▶▶|शेष पेज 15 पर

## युवक ने की आत्महत्या, दो दिन पहले दिलाया था नीट एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल की पढ़ाई के लिए दो दिन पहले नीट की परीक्षा में शामिल हुए युवक ने आत्महत्या कर ली। नयापारा में सुबह-सुबह हुई इस घटना के बाद परिवार सदमे में है। आशंका जताई जा रही है कि कड़ी तैयारी के बाद भी उसका पेपर संतोषजनक नहीं बना था। गोलबाजार थाने की पुलिस ने मर्ग कायम कर संदेह के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

नयापारा फूल चौक के समीप रहने वाले अरविंद साहू का 18 वर्षीय पुत्र प्रशांत मेडिकल की पढ़ाई के लिए कड़ी मशक्कत कर रहा था। घर में पढ़ाई के साथ वह टिकरापारा के एलेन संस्थान में कोचिंग भी ले रहा था। दो दिन पहले उसने मेडिकल कालेजों में प्रवेश की पात्रता के लिए नीट का एग्जाम दिलाया था। सूत्रों के अनुसार इस बार आयोजित परीक्षा के सवाल काफी कठिन थे।



■ नयापारा का रहने वाला परिवार सदमे में

आशंका जताई जा रही है कि प्रशांत का पेपर संतोषजनक तरीके से हल नहीं हुआ था। इसे लेकर वह तनाव में था। मंगलवार सुबह जब उसकी मम्मी मंदिर गई थी और परिवार के सदस्य अपने अन्य कार्यों में व्यस्त थे, तो उसने अपने कमरे में पंखे के सहारे फंदा तैयार कर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची गोलाबाजार थाने की पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।




*यूरोपीयन एंड एशियन लैंग्वेज की परीक्षा में शामिल हुए सिर्फ 7 छात्र*

# सिर्फ एक विद्यार्थी के लिए रविवि ने आयोजित की फैशन डिजाइनिंग परीक्षा, सिंधी भाषा के नतीजे 100%

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बैचलर ऑफ वोकेशन इन फैशन डिजाइनिंग की परीक्षा सिर्फ एक छात्र के लिए आयोजित की गई। राहत की बात यह रही कि उक्त विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया है, अन्यथा रविवि को यह परीक्षा सिर्फ एक छात्र के लिए दोबारा आयोजित करनी पड़ती। डिप्लोमा इन यूरोपीयन एंड एशियन लैंग्वेज की परीक्षा में 7 छात्र ही बैठे। विवि अध्ययनशाला में संचालित इस पाठ्यक्रम के ▶▶|शेष पेज 15 पर

## सिंधी भाषा की परीक्षा में बैठे थे 27 विद्यार्थी

### रुके हुए परिणाम जारी

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को विभिन्न कक्षाओं के रूके हुए परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इसमें शैक्षणिक सत्र 2022-23 तथा 2024-25 के नतीजे शामिल हैं। बीकॉम, बीएससी, बीएएलएलबी सहित कई सेमेस्टर और वार्षिक परीक्षाओं में शामिल वे छात्र जिनके परिणाम कई कारणों से रोके गए थे, उन्हें अब जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि नकल प्रकरण में शामिल विद्यार्थियों के अतिरिक्त ऐसे छात्र जिनके प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय पर नहीं भेजे जाते अथवा अन्य तरह की तकनीकी समस्याओं के कारण विद्यार्थियों के परिणाम विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा रोके जाते हैं।



### पुनर्गणना के बाद भी नहीं बदले नतीजे

रविवि ने एमए इतिहास, एमए समाजशास्त्र, एमएससी मैथेमैटिक्स, एमएससी कैमेस्ट्री, एमबीए, बीबीए, बीएड, एमकॉम, एलएलएम, बीएएलएलबी सहित दर्जनभर से अधिक सेमेस्टर कक्षाओं के पुनर्गणना के नतीजों की घोषणा की है। पुनर्गणना के लिए आवेदन करने वाले अधिकतर विद्यार्थियों के अंकों में परिवर्तन नहीं हुआ है। कुछ छात्रों के अंकों में नाममात्र की बढ़ोत्तरी अथवा कमी हुई। हालांकि इन छात्रों के परिणाम भी अपरिवर्तित रहे।

## खबर संक्षेप

### विभागीय कार्यों में उदासीनता पर सीएमओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण दुर्ग जिले के भिंभौरी नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। विभागीय क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग अटैच किया गया है।

### विवेकानंद कॉलेज में आज से राष्ट्रीय कार्यशाला

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय व विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड इंप्लीमेंटेशन ऑफ स्टैटिकल टूल्स विषय पर दो दिवसीय 7 से 8 मई तक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विवेकानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन बुधवार को सुबह 9.30 बजे मुख्य अतिथि रविवि के कुलसचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार पटेल की उपस्थिति में होगा। यह जानकारी देते हुए स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञ रविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक प्रो. राजीव चौधरी शोध प्रविधि और स्टैटिकल टूल्स विषय पर जानकारी देंगे।

### पहलगाम के मृतकों के लिए शांति भोज

**रायपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया समेत 26 लोगों की आत्मा की शांति के लिए व उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने तिरंगा वंदन मंच द्वारा कालीबाड़ी चौक पर मंगलवार को प्रार्थना सभा व शांति भोज का आयोजन किया गया। लगातार दो घंटे चले इस भोज में करीब दो हजार नागरिकों ने प्रसाद लिया व मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस सभा में राह चलते लोगों ने भी रुक-रुककर मृतकों के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस सभा में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, संजय श्रीवास्तव, गिरीश दुबे, अमरजीत छाबड़ा, शिवनारायण मूंधड़ा, श्रीनिवास रेड्डी, राजेश मिश्रा, राघवेन्द्र मिश्रा, लक्ष्य चौरे, महेश जेठानी, सुमन दीवान आदि ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों पर व उनके आका पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर अमरजीत संधू, अमित नायडू, कमलेश नथवाणी, प्रवीण चंद्राकर, निर्मल प्रजापति, देवेंद्र मिश्रा, सोनल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने निगम अधिकारियों की ली बैठक

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे के अनुरोध पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। श्री साव गर्मी में सुगम जलप्रदाय करनेनगर पालिक निगम को राज्य शासन के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## निधन

### सोहद्रा साहू



**आरंग।** ग्राम नरियरा निवासी 83 वर्षीय सोहद्रा साहू का रविवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। मृतक क्रृषि कुमार, कामता प्रसाद, देवचरण, तोरण व जीवन की माँ थी।

### रामेश्वर साहू



**आरंग।** ग्राम बनरसी निवासी रामेश्वर साहू (65 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। वे मोंगरा साहू के पति व राजकुमार साहू के पिता थे। उनके अंतिम यात्रा मे ग्रामीण शामिल हुए।

---

### अपराध : सोने की चेन एवं नकदी किया था पार

# चोरी के मामले में पारधी गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पारधी गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जलसो में चारपहिया वाहन में चोरी की घटना को अंजाम दिया। 1 नग सोने की चैन एवं नगदी रकम किये थे चोरी। प्रकरण में संलिप्त गोविन्दा पारधी है फरार, जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है । आरोपियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 303(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है ।

प्रार्थी सूरज नारायण शर्मा ने थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ठेकेदारी का कार्य करता है। दिनांक 27.04.2025 को सुबह 08.30 बजे करीब प्रार्थी अपनी कार ईक्कोस्पोर्ट रायपुर गया था। काम होने के पश्चात वापस घर आते समय दोपहर 1 बजे करीब ग्राम जलसो के नीलगिरी जंगल के पास किसी कार्य हेतु अपनी चारपहिया वाहन से उतरा था कि उसी समय पीछे तरफ से एक मोटर सायकल में सवार तीन व्यक्ति प्रार्थी के पास आये और अपनी मोटर सायकल को प्रार्थी के कार के सामने में खड़ी करके के बायें तरफ सामने गेट को खोलकर उसमें रखी सोने की चैन एवं नगदी रकम को चोरी कर रहे थे । इसी दौरान प्रार्थी के कार के पास आता देख तीनों व्यक्ति मोटर सायकल में बैठकर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध क्रमांक 168/25 धारा 303(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।





### निगरानी बदमाश गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** धारदार हथियार लेकर आम लोगो को डरा धमका कर भयभीत करने वाले निगरानी बदमाश को किया गया गिरफ्तार। आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार चाकू किया गया जप्त हुआ। मुखबिर से सूचना मिली कि सासाहोली ओवरब्रिजके पास रोड किनारे आम जगह पर एक व्यक्ति अपने हाथ में एक चाकूनुमा हथियार लेकर लहराते हुये आने जाने वाले आम लोगो को डरा धमका कर भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची देखा निगरानी बदमाश अपने हाथ में धारदार हथियार चाकू लेकर लहराते राहगीरों को धमका रहा था पुलिस ने घेराबंदी कर पकडकर आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी वीरेंद्र कुमार निर्मलकर पिता नरोत्तम निर्मलकर उम्र 28 वर्ष तुलसी निवासी को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### *एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही*

*एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम के सदस्यों द्वारा घटना को अंजाम देने हेतु जिस दोपहिया वाहन का उपयोग किया गया था उसके संबंध में भी जानकारी एकत्र कर आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आनंत पारधी एवं महेश पारधी की पतासाजी कर पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने अन्य साथी गोविन्दा पारधी के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 नग दोपहिया वाहन जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण आरोपी गोविंद पारधी फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार आरोपी आनंत पारधी पिता अमरु पारधी उम्र 19 वर्ष निवासी डगारडीह देवगांवमहेश पारधी पिता पिरात पारधी उम्र 20 वर्ष पता डगारडीह देवगांव थाना खरोरा का रहने वाला है।*

# अधेड़ और युवती की संदिग्ध मौत, पेड़ पर एक साथ लटके मिले शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवां



एक अधेड़ व उन्नीस वर्षीय पड़ोसन का शव एक साथ पेड़ पर लटका मिला। वही पुलिस हत्या या आत्महत्या के मामले की जांच में जुट गई। धरसीवां के कूंरा निवासी गिफ्ट सेंटर संचालक पचास वर्षीय अधेड़ की उन्नीस वर्षीय पड़ोसन लड़की का शव बेरला थाना के चटवा गांव में पेड़ से लटका मिला। मामला हत्या का है या आत्महत्या का यह जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक कूंरा निवासी पचास वर्षीय रामजीलाल साहू का गिफ्ट सेंटर है। उन्हीं के घर के पीछे मृतका दुर्गा उम्र उन्नीस वर्ष निवास करती थी बीते कुछ सालों से वह रामजी के गिफ्ट सेंटर में काम करती थी। तीन 3 मई से दोनों लापता थे। बेरला टी आई कृष्णकांत सिंह ने बताया कि दोनों मृतक और मृतिका 3 मई को गांव से निकले थे। धमधा में उन्होंने एटीएम से पैसे निकालकर नई साइकिल खरीदी इसके बाद 6 मई को चटवा गांव के एक पेड़ पर दोनों के शव फंदे से लटके मिला। प्रथम दृष्टया तो मामला आत्महत्या का लग रहा लेकिन पोस्ट मार्डम रिपोर्ट के बाद ही पूरी तरह स्पष्ट होगा।

### जांच में जुटी पुलिस

धरसीवां के कूंरा निवासी मृतक रामजीलाल साहू की पत्नि सुनीति साहू नगर के आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत है और उनके दो बच्चे हैं जिसमें लड़की की शादी हो चुकी हैं। पचास वर्षीय रामजी साहू और उन्नीस वर्षीय दुर्गा दोनों की उम्र में लंबा फासला है। दोनों अलग अलग जाति धर्म को मानने वाले हैं। दुर्गा कुछ सालों से रामजी के गिफ्ट सेंटर पर काम करती थी बताया जाता है कि दुर्गा की अभी शादी नहीं हुई थी। परिजन उसके विवाह की तैयारी कर रहे थे लेकिन अचानक दोनों का एक साथ भागना फिर पेड़ पर तीन दिन बाद दोनों का एक साथ शव लटका हुआ मिला। पुलिस की जांच में ही पूरा मामला स्पष्ट होगा।

# दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

मंगलवार को नेशनल हाईवे धमतरी मार्ग मे गोतियारडीह के समीप दो कार आपस मे टकराने से 5 लोगो को गंभीर चोटे आई है जिसमे से प्रगति आसवानी,अशोक साहिद दो लोगो को रायपुर रिफर किया गया है वही ज्योति कोटानी,जय कोटानी का ईलाज सोनी मल्टी हॉस्पिटल मे चल रहा है। इसी तरह अभनपुर से पाटन मार्ग रिलायंस पेट्रोल पंप के पास माजदा गाड़ी पलट जाने से उसमे 2 दर्जन से अधिक लोग घायल हुये है। जानकारी मिली है कि आरंग क्षेत्र के गोरभट्ठी गांव से शादी कार्य में बोरिद पाटन जा रहे थे। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सामने से मोटरसायकिल आ रही थी उसको बचाने के प्रयास में स्वराज माजदा अनियंत्रित हो कर पलट गई उक्त वाहन मे 40 से 45 लोग सवार थे। घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जिसमे शांति बाई, राधिका, रितिका, रेखा यादव, नैना, मालती 6 लोगो को अधिक चोटे आने के कारण ईलाज चल रहा है। वही बाकी लोगो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। यह दोनो घटना शाम 4 से 5 बजे की बीच की है।





# अंतर राष्ट्रीय एशियन कराटे चैंपियनशिप में राधिका धीवर का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

- धीवर महासभा ने दी 21 हजार दी सहयोग राशि

ग्राम नरदहा निवासी राधिका धीवर का चयन अंतरराष्ट्रीय एशियन कराटे चैंपियनशिप में हुआ है, जो भूटान की राजधानी थिम्पू मे खेली जाएगी। छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा ने उन्हें 21000 रु. का आर्थिक सहयोग प्रदान कर बधाई दी। प्रदेश कोषाध्यक्ष पवन कुमार धीवर, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ पुरुषोत्तम धीवर ने बधाई देते हुए उन्हें यह राशि सौपा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कुमार धीवर, प्रदेश महासचिव रामलाल पेनडरिया, संरक्षक जगन्नाथ, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष बसन्त निषाद, महिला प्रकोष्ठ महासचिव लक्ष्मी पेनडरिया, परगना अध्यक्ष सहदेव राम धीवर, वेदव्यास तारक, पुरषोत्तम जलक्षत्रि, नरेंद्र धीवर, अशोक, मोहन धीवर, मोतीराम फेकर, घांसु राम धीवर, टेमन सपहा, रामानन्द धीवर व समाजजन उपस्थित थे।

# शिक्षकों और छात्रों की मेहनत का शानदार नतीजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

- जिला और विकास खंड शिक्षा अधिकारी को बीच पाकर प्रेरित हुए टापर्स

गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल आरंग के कक्षा पांचवीं और आठवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय कुमार खंडेलवाल और विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। शिक्षा अधिकारियों ने बच्चों के साथ केक काटकर विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय कुमार खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को आगे भी कड़ी मेहनत कर निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने बच्चों से बातचीत की और पढ़ाई के जानकारी दिए। परीक्षा में सफलता से आरंग विकास खंड को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी। इस विद्यालय की छात्रा डिम्पी चंद्राकर ने आठवीं में 97.17% अंक अर्जित कर आरंग विकास खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी विद्यालय की गितिका पांडेय ने कक्षा पांचवीं की बोर्ड परीक्षा में 97% प्राप्त कर विकास खंड के मेरिड विद्यार्थियों में शामिल हुई हैं।



### विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम रहा

विकास खंड स्तर पर विद्यालय से कक्षा पांचवीं में युगेश्वर यादव 95.50% चतुर्थ, कनिष्क बिसेन और आर्या चंद्राकर ने 95% अंकों के साथ संयुक्त रूप से पंचम स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से भव्या मनहरे 96.17% तृतीय स्थान एवं याशिका ठाकुर ने 96% अंक प्राप्त कर आरंग विकासखंड में चतुर्थ स्थान पर रही। विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम रहा है। कक्षा पांचवीं और आठवीं के 32 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक और 39 विद्यार्थियों 80 % से अधिक अंक प्राप्त कर सफल हुए हैं। गणित विषय में शत-प्रतिशत अंकों के साथ भाविका देवांगन, चिराग यादव, नव्या सोनकर, यथार्थ साहू एवं युगेश्वर यादव ने उत्कृष्टता हासिल की। कक्षा पांचवीं से भाविका देवांगन 94.50 %, युग तंबोली 94.50%, गरिमा सोनी 94%, नव्या सोनकर 94 %, अध्ययन गनवीर 93.50%, चिराग यादव 93.50%, श्लोक यादव 93.50%, यथार्थ साहू 93.50 %, धनंजय साहू 92.50%, अंशिका योगी 92% ,रवि यादव 92%, आद्या शक्ति शर्मा 91%, निहाल पाल 90.50%,निमिश पाटिल 90.50%, परिधी आहूजा 90.50% अंक प्राप्त कर प्रावीण्यता प्राप्त की। कक्षा आठवीं से सुजल देवांगन 95%, लक्ष्य साहू 92.67%, अनंत शर्मा 92.50%, खुशी देवांगन 92.50%, सौम्या चंद्राकर 92.33%, हर्ष दीवान 92%, राशि सोनी 91.67%,विवेक यादव 91.33%, भावेश कुमार साहू 91%, रूद्रांश दास 90.83% के साथ प्रावीण्यता प्राप्त की। पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं में विकासखंड स्तर पर इस उपलब्धि के लिए संस्था के डायरेक्टर यशवंत चतुर्वेदी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई दी हैं।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 8 मई को




हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

मंगलवार को रायपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में स्थित रेडक्रॉस सभा कक्ष में, रेडक्रॉस के नवनियुक्त पदाधिकारी की बैठक चेयरमेंन राजू शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। रक्त दान दिवस 8 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में कार्यकम आयोजित करने के संबंध में निर्णय लिया। इस अवसर पर वाइस चेयरमेंन डॉ. प्रीति नारायण, कोषाध्यक्ष पल्लवी पाण्डेय व प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय,डॉ. श्वेता सोनवानी, स्वतंत्र राहंगडाले, राजू लाल नवरंगे गजेन्द्र डोंगरे उपस्थित रहें। रक्त दान दिवस के लिए स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रॉस सोसाइटी आम जनता, जन प्रतिनिधि एवं संस्थाओं से अपील करती हैं कि अधिक से अधिक संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में 8 मई को उपस्थित होकर रक्त दान कर के शिविर को सफल बनाए।

# पीएमश्री अरुंधती देवी स्कूल में कक्षा पहली में चयन के लिए लॉटरी 9 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा पहली में रिक्त सीटों के लिए 5 मई तक आवेदन मँगवाए गए थे,जो कि लोक शिक्षण संचनालय द्वारा निर्देशित है। साथ ही 5 से 10 मई के मध्य नवीन प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनो की लॉटरी निकाले जाने का भी निर्देश है, जिसके लिए शाला विकास समिति के सहयोग से यह प्रक्रिया विद्यालय भवन में 9 मई को प्रातः 9 से 11 बजे के मध्य प्रस्तावित है। प्राचार्य हरीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा पहली के लिए कुल 138 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए है। जिसमे से 2 आवेदन रद्द माने गए है, इसके साथ महतारी दुलार योजना एवं सुशासन तिहार योजना के तहत प्राप्त आवेदनों प्राथमिकता दी जानी है। जिसकी सूचना तहसील कार्यालय के सूचना पटल, जनपद पंचायत के सूचना पटल व नगर पालिका के सूचना पटल पर भी चस्पा की है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष खिलेश धुरन्धर ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों, पालकों एवं नागरिकों को इसकी सूचना दी गई है ताकि अधिक से अधिक संख्या में पालक एवं नागरिक इस प्रकिया में शामिल हो सके और पूरी पारदर्शिता के साथ इसे सम्पन्न कराया जा सके।

# ग्राम पंचायत समोदा में समाधान शिविर 8 व अमोदी में 10 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल सुशासन तिहार के अंतर्गत तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 5 से 31 मई तक निर्धारित है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशन में आरंग विकासखंड में समाधान शिविरों क्या आयोजन पर जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे ने बताया कि 8 मई को नगर पंचायत समोदा, 10 मई हाई स्कूल परिसर अमोदी, 13 मई हाई स्कूल परिसर राखी, 14 मई डॉ अंबेडकर सामुदायिक भवन नगर पंचायत चंदखुरी, 15 मई हायर सेकेंडरी परिसर भानसोज, 17 मई हाई स्कूल परिसर गनौद, 19 मई हाई स्कूल परिसर टेकारी, 21 मई नवीन प्राथमिक शाला खदान पारा बहनाकाडी, 22 मई टाउन हॉल नगर पालिका परिषद आरंग, 23 मई हाई स्कूल परिसर फरफोद, 26 मई माध्यमिक स्कूल परिसर रानीसागर, 28 मई हाई स्कूल परिसर तुलसी, 29 मई डॉ आंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन नगर पालिका मंदिरहसौद, 30 मई हाई स्कूल परिसर भैंसा, 31 मई को हाई स्कूल परिसर पारागांव में समाधान शिविरों में न केवल प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की जानकारी दी जाएगी। वहीं तत्काल प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा। समाधान शिविर का समय प्रातः 9 बजे से रखा गया है।

# भाजपा सरकार को चेतावनी देने कल कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिलासपुर में 8 मई को आयोजित कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र की अधिकनायकवादी मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार कर दिया है। देश के संसाधनों पर अपने पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार बनाने लगातार जन विरोधी निर्णय थोपे जा रहे हैं, जिसके खिलाफ कांग्रेसजन हर स्तर पर लड़ाई लड़ रहे हैं। जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत है। सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है। भाजपा के नेता जातिगत जनगणना के मांग को देश तोड़ने की साजशि बताते थे।

# नई औद्योगिक नीति में 10 करोड़ के पूंजी निवेश पर मिलेगा 1 करोड़ तक अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बने छत्तीसगढ़ राज्य अंश पूंजी अनुदान नियम के तहत वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने वाली इकाइयों की स्थापना के लिए 10 करोड़ तक का निवेश करने वाले उद्यमियों को 1 करोड़ रुपयों तक का अनुदान मिल सकता है। खास बात ये है कि इन नियम के तहत कोर सेक्टर के उद्यमों को छोड़कर महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सैनिक, सेवा निवृत्त अग्निवीर, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन वर्ग के उद्यमियों साथ एससी, एसटी वर्ग के उद्यमी इसके लिए पात्र होंगे। यह अनुदान हासिल करने के लिए ईकाई में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ होने पर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल की अवधि तक अकुशल श्रमिकों, में न्यूनतम 100 प्रतिशत, कुशल श्रमिकों में न्यूनतम 70 प्रतिशत, तथा प्रबंधकीय-प्रशासकीय पदों पर न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना होगा।

# बैलगाड़ी में निकली अनोखी बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



बिलाडी से तुलसी के लिए निकली बैलगाड़ी में बारात रास्ते भर लोग निहार रहे।

आज के इस मॉर्डन जमाने में कोई अगर बैलगाड़ी से बारात जाए तो एकाएक चौंकाने वाली बात है। इसी तरह का नजारा हमें देखने को मिला। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम बिलाडी से दूज राम यदु ने अपनी बारात बैलगाड़ी से निकाली। वह ग्राम तुलसी नेवरा बारात जा रहे थे तभी रास्ते में सासाहोली के पास देखा और उनसे इसकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बैलगाड़ी में बारात जाना अच्छा लग रहा है। वहीं बिलाडी से सासाहोली, स्टेशन चौक तिल्दा होते हुए ग्राम तुलसी पहुचा बारात। इस बीच रास्ते भर लोग एक टक, सभी आश्चर्य होकर देखते रहे।

# नगर सुराज संगम : पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को समझाया स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण शहर का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगर सुराज संगम के दूसरे और अंतिम दिन मंगलवार को भी प्रशिक्षण की कमान खुद संभाली और नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पीपीटी (पावर पाइंट टैक्स्ट) के जरिए शहरों के विकास एवं जनसुविधाएं विकसित करने का रोडमैप समझाया। उन्होंने नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं से संवाद कर अगले पांच वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा की।

**प्रेजेंटेशन में बताई ये बात :** श्री साव ने डेढ़ घंटे के अपने प्रेजेंटेशन में अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा, शहरी वानिकी, शहरी परिवहन, स्ट्रीट लाइटिंग, कर संग्रहण और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

**शहरों को विकास के पथ पर दौड़ाना है :** श्री साव ने नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके निकाय उभरते हुए शहर हैं। उन्हें विकास के पथ पर दौड़ाना है। सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास से ही शहर स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि आप लोग अपने शहरों में ऐसा काम करें जो यादगार हो, शहर को नई दिशा देने वाला हो, नागरिकों की सुख-सुविधाएं बढ़ाने वाला हो, शहर को सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बनाने वाला हो।

## डिप्टी सीएम साव ने खुद संभाली प्रशिक्षण की कमान, 54 पालिकाओं और 124 नगर पंचायतों के साथ मंथन

### पानी की सप्लाई है बड़ी चुनौती

श्री साव ने शहरों के प्रत्येक घर में रोज पर्याप्त जल की आपूर्ति को बड़ी चुनौती बताते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कड़ाई से अमल करने को कहा। श्री साव ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से संसाधनों के बेहतर उपयोग, नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहर को सुविधापूर्ण बनाने देश-विदेश में स्थानीय स्वशासनों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और श्रेष्ठ प्रथाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने पार्षदों के लिए भी संभागीय स्तर पर इस तरह के प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला के आयोजन की बात कही।



### सचिव ने दी ये जानकारी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने नगर सुराज संगम में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को केंद्र व राज्य सरकार तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) की योजनाओं की जानकारी देने इसका आयोजन किया गया है। इस दौरान नगरीय निकायों से संबंधित अधिनियमों और उनके महत्वपूर्ण प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगी। यह संगम दोनों तरफ से संवाद का मंच है। इस मंच के माध्यम से आप लोग नगरीय प्रशासन और विकास से जुड़ी अपनी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। इस कार्यशाला का आप लोग पूरा लाभ उठाएं। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का और सुडा के सीईओ शशांक पाण्डेय भी कार्यशाला में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विभागीय कार्यों में उदासीनता पर सीएमओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण दुर्ग जिले के भिंभौरी नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी को निलंबित कर दिया है। विभागीय क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, दुर्ग अटैच किया गया है।


### विवेकानंद कॉलेज में आज से राष्ट्रीय कार्यशाला

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय व विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड इंप्लीमेंटेशन ऑफ स्टैटिकल टूल्स विषय पर दो दिवसीय 7 से 8 मई तक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विवेकानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन बुधवार को सुबह 9.30 बजे मुख्य अतिथि रविवि के कुलसचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार पटेल की उपस्थिति में होगा। यह जानकारी देते हुए स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञ रविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक प्रो. राजीव चौधरी शोध प्रविधि और स्टैटिकल टूल्स विषय पर जानकारी देंगे।

### राजधानी पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु

**रायपुर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब पदाधिकारियों से मुलाकात के अलावा संगठन के कार्यक्रमों में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए विधायक संदीप साहू, एनएसयूआई के महासचिव हनी बग्गा, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री चिब का महासमुंद और बिलाईगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ गिरौधपुरी में मंदिर दर्शन का भी कार्यक्रम है, इसके अलावा बिलाईगढ़ में जाति जनगणना पर आयोजित "धन्यवाद राहुल गांधी" कार्यक्रम तथा पहलगाम घटना के विरोध में महासमुंद जिले में आयोजित "युवा आक्रोश मशाल रैली" में शामिल होंगे। बुधवार शाम को वे नियमित विमान से दिल्ली लौट जाएंगे।

### पहलगाम के मृतकों के लिए शांति भोज



**रायपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया समेत 26 लोगों की आत्मा की शांति के लिए व उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने तिरंगा वंदन मंच द्वारा कालीबाड़ी चौक पर मंगलवार को प्रार्थना सभा व शांति भोज का आयोजन किया गया। लगातार दो घंटे चले इस भोज में करीब दो हजार नागरिकों ने प्रसाद लिया व मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस सभा में राह चलते लोगों ने भी रुक-रुककर मृतकों के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस सभा में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, संजय श्रीवास्तव, गिरीश दुबे, अमरजीत छाबड़ा, शिवनारायण मूंधड़ा, श्रीनिवास रेड्डी, राजेश मिश्रा, राघवेन्द्र मिश्रा, लक्ष्य चौरे, महेश जेठानी, सुमन दीवान आदि ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों पर व उनके आका पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

## कई सांसद, विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सके

# तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान, सीएम के साथ भोज की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था। सदस्यता अभियान समाप्त होने के चार माह अब जाकर कार्यकर्ताओं का सम्मान करने और सीएम के साथ भोजन कराने की तैयारी है। संभावना है इस माह यह आयोजन किया जाएगा। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देश भर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया। लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

### जल्द करेंगे कार्यक्रम

वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का भी मौका मिलेगा। जल्द ही आयोजन करने का प्रयास किया जा रहा है।

- अनुराग सिंहदेव, सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी




### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव हुआ तो सब इसमें लग गए। अब सारे काम हो गए है तो कहा जा रहा है कि जल्द ही कोई तिथि तय करते कार्यक्रम किया जाएगा और वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन का भी मौका दिया जाएगा।

## नगरीय प्रशासन मंत्री ने पेयजल संकट को लेकर निगम अधिकारियों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे के अनुरोध पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। श्री साव गर्मी में सुगम जलप्रदाय करनेनगर पालिक निगम को राज्य शासन के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

- राज्य शासन के साथ मिलकर कार्य योजना बनाने दिये निर्देश
- पेयजल आपूर्ति में हीला-हवाला नहीं चलेगा : अरुण साव

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा है राजधानी शहर रायपुर में गर्मी में कहीं भी पेयजल संकट की समस्या ना आये, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। पेयजल समस्या आने पर वहाँ तत्काल टीम भेजकर पेयजल समस्या दूर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को स्मार्ट सिटी की 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना में शेष बची टेस्टिंग और कमीशनिग का कार्य तत्काल पूर्ण करने हिदायत दी। अरुण साव ने निगम के अधिकारियों से दो टूक शब्दो में कहा नागरिकों को गर्मी में पेयजल आपूर्ति करने के कार्य में लापरवाही सहन नहीं किया जायेगा। पेयजल संकट के निदान पर ली गयी अहम बैठक में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौर, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष- सीमा साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास सचिव डॉक्टर बसव राजू एस, नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के संचालक आर. एक्का, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अभिकारी शशांक पाण्डेय,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और नगर पालिक निगम रायपुर के सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही.

# युक्तियुक्तकरण से पहले शिक्षकों की पदोन्नति और स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

कर्मचारी फेडरेशन और संयुक्त शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से पहले लंबित पदोन्नति और स्थानांतरण करने की मांग रखी है। फेडरेशन ने कहा, युक्तियुक्तकरण लागू होने के बाद स्थानांतरण पर बेन हटाने व पदोन्नति करने से स्कूलों में शिक्षकों के पद पुनः रिक्त हो जाएंगे। यदि स्थानांतरण और पदोन्नति पहले की जाती है, फिर युक्तियुक्तकरण की सारी चीजें व्यवस्थित होंगी।

- कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन और शिक्षक संघ ने की स्कूल शिक्षा सचिव और डीपीआई से मांग

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में छग संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन, जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू एवं सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने अपनी टीम के साथ मंगलवार को शिक्षा सचिव और डीपीआई से मुलाकात की।

उन्होंने मांग की है कि 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्त करण की मांग फेडरेशन ने की, जिसके तहत प्राथमिक शालाओं में अधिकत 60 दर्ज संख्या पर एक प्रधान पाठक सहित दो सहायक शिक्षकों को पदस्थ करने की मांग की गई। इसी प्रकार मिडिल स्कूलों में एक प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक पदस्थ करने ज्ञापन व मांगपत्र दिया।



### अफसरों ने दिया आश्वासन

इस पर विचार करने की बात कहते हुए डीपीआई ने कहा, जिन जिलों में पदोन्नति का मामला न्यायलयीन कारणों से बाधित नहीं है। इसके बावजूद जहां पर पदोन्नति की प्रक्रिया नहीं की जा रही है, वहां की जानकारी मुझे दीजिए, ताकि मैं इस दिशा में पहल कर सकूं। शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के मुद्दे पर सेटअप 2008 सहित तमाम बिंदुओं को गंभीरता से रखा, जिस पर अधिकारियों ने विचार करने की बात कही।

स्थानीय लोगों को रोजगार देना है जरूरी

# नई औद्योगिक नीति में 10 करोड़ के पूंजी निवेश पर मिलेगा 1 करोड़ तक अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बने छत्तीसगढ़ राज्य अंश पूंजी अनुदान नियम के तहत वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने वाली इकाइयों की स्थापना के लिए 10 करोड़ तक का निवेश करने वाले उद्यमियों को 1 करोड़ रुपयों तक का अनुदान मिल सकता है। खास बात ये है कि इन नियम के तहत कोर सेक्टर के उद्यमों को छोड़कर महिला उद्यमी, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सैनिक, सेवा निवृत्त अग्निवीर, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन वर्ग के उद्यमियों साथ एससी, एसटी वर्ग के उद्यमी इसके लिए पात्र होंगे।

- गड़बड़ी मिलने पर अनुदान वापस भी होगा



### ये हैं शर्तें नए नियम में

यह अनुदान हासिल करने के लिए ईकाई में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ होने पर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल की अवधि तक अकुशल श्रमिकों, में न्यूनतम 100 प्रतिशत, कुशल श्रमिकों में न्यूनतम 70 प्रतिशत, तथा प्रबंधकीय-प्रशासकीय पदों पर न्यूनतम 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना होगा, लेकिन इसके साथ ही यदि भारत शासन, राज्य शासन या इसके किसी निगम, बोर्ड, मंडल, आयोग या वित्तीय संस्था, बैंक से अंश पूंजी अनुदान प्राप्त किया गया हो तो इस अनुदान की पात्रता नहीं होगी।

### इतना मिलेगा अनुदान

सरकार ने नियम में ये भी साफ किया है कि पात्र उद्यमियों को औद्योगिक ईकाई की पूंजीगत लागत का 25 प्रतिशत या अधिकतम 1 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए यह प्रक्रिया होगी कि सबसे पहले तो संबंधित जिला व्यापार उद्योग केंद्र में ऑनलाईन आवेदन देना होगा।

वैध उद्यम आकांक्षा के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, भारतीय सेना से सेवा निवृत्त, राज्य के सेवा निवृत्त अग्निवीर सैनिक, नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन का प्रमाण पत्र,तृतीय लिंग का प्रमाण पत्र जो जिस आवेदक पर लागू हो उसे पेश करना होगा। वित्तीय संस्था या बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र भी लगेगा।

### तो अनुदान वापस भी हो सकता है

इसी नियम में ये भी कहा गया है कि अगर किसी औद्योगिक इकाई ने कोई तथ्य छिपाए हैं, या तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया है। या सही जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। या गलत तरीके से अनुदान स्वीकृत हुआ है तो अनुदान की राशि वापस ले ली जाएगी। अगर निवेशक से संबंधित कोई प्रमाणपत्र गलत पाया जाता है, या पात्रता से अधिक अनुदान मिल गया हो, या बैंक से तथ्यों को छिपाकर ऋण लिया गया हो अनुदान की राशि वापस करने के साथ ही 12 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। राशि भू-राजस्व बकाया की तरह की जा सकती है।

## अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मिलेगा मौका

# बैज बने रहेंगे अध्यक्ष, कांग्रेस में दो नए कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। लगातार चुनावी हार के बाद नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज हो गई है और इस बार कांग्रेस हाईकमान 2 कार्यकारी अध्यक्षों के फॉर्मूले पर गंभीरता से विचार कर रहा है। रायपुर से लेकर दिल्ली तक इस मुद्दे पर मंथन हो रहा है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा, लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद दीपक बैज को बदले जाने की चर्चा जोरों पर थी। कांग्रेस संगठन फिलहाल छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष को न बदलते हुए संगठन को मजबूती देने दो नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्त पर विचार कर रहा है। कांग्रेस पार्टी पूर्व में भी दो कार्यकारी अध्यक्ष के फार्मूले अंजाम दे चुकी है।

बताया जाता है कि आदिवासी वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अनुसूचित जाति और ओबीसी वर्ग के नेताओं को मौका दिया जा सकता है।

### सभी वर्गों को साधने की रणनीति

अगर यह फॉर्मूला सफल होता है, तो 2028 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अपनी सियासी रणनीति को और धार दे सकती है। आदिवासी और ओबीसी समीकरण को साधने से पार्टी को सत्ता में वापसी का मजबूत आधार मिल सकता है। पार्टी में असंतोष दूर करने के लिए सभी वर्गों को साधने प्रभारी सचिवों के माध्यम से सभी जिलों में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास जारी है।



### संतुलन बनाकर साधने की कोशिश

इन नेताओं की सक्रियता भी संकेत दे रही है कि वे भी किसी महत्वपूर्ण भूमिका में आ सकते हैं। कांग्रेस हाईकमान संतुलन बनाकर दोनों प्रमुख वर्गों को साधने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा भी कई ऐसे पूर्व विधायक हैं, जिनके नाम दिल्ली तक पहुंच चुके हैं। कांग्रेस हाईकमान को संतुलन बनाने के लिए जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

# भाजपा सरकार को चेतावनी देने कल कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

बिलासपुर में 8 मई को आयोजित कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र की अधिकनायकवादी मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार कर दिया है। देश के संसाधनों पर अपने पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार बनाने लगातार जन विरोधी निर्णय थोपे जा रहे हैं, जिसके खिलाफ कांग्रेसजन हर स्तर पर लड़ाई लड़ रहे हैं। जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत है। सामाजिक न्याय को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के परिश्रम की जीत है।

- जातिगत जनगणना पर मोदी सरकार का यू टर्न, कांग्रेस की जीत- बैज

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है। भाजपा के नेता जातिगत जनगणना के मांग को देश तोड़ने की साज़िश बताते थे। संसद में जातीय जनगणना की मांग करने वालों को बीजेपी के सांसद अर्बन नक्सल कहते थे, वे अब मोदी का मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इस मांग पर जीत होने पर विजय सभा के रूप में संविधान बचाओ रैली करेगी।



### तीन प्रमुख मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी

उन्होंने बताया कि अब कांग्रेस तीन मांगों प्रमुख मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनाएगी। पहला आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग, दूसरा केंद्र की सरकार ने नेशनल बजट के एलोकेशन में एस, एसटी के लिए बजट दुर्भावना पूर्वक कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाया जाए। पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो। सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### नई सीएमई लेंगी डीन अधीक्षकों की बैठक

**रायपुर।** नयी चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिखा राजपूत तिवारी मेडिकल कालेज और उससे संबंधित अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के डीन और अधीक्षकों की बैठक लेंगी। बैठक की तैयारी में तमाम मेडिकल कालेज के जिम्मेदार पिछले दो दिन से तैयारियों में जुटे हुए हैं। नयी सीएमई ने ज्वाइनिंग बाद पिछले दिनों आंबेडकर अस्पताल का निरीक्षण किया था इसके बाद राज्य स्तर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के जिम्मेदारों के साथ यह उनकी पहली बैठक होगी।

### रेडक्रास दिवस पर होगा सामूहिक रक्तदान

**रायपुर।** विश्व रेडक्रास दिवस पर 8 मई को तिल्दा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सामूहिक रक्तदान का आयोजन किया जाएगा। इस मामले में मंगलवार को रेडक्रॉस जिला शाखा रायपुर के नवनियुक्त पदाधिकारी की बैठक राजू शर्मा, चेयरमेन, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायपुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में वाइस चेयरमेन डॉ. प्रीति नारायण, कोषाध्यक्ष पल्लवी पाण्डेय एवं प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय, डॉ. श्वेता सोनवानी, स्वतंत्र रहंगडाले, राजू नवरंगे, गजेन्द्र डोंगरे एवं नितिन पाण्डेय उपस्थित रहे।

### पूजा को सहज योग में पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा पूजा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय सहज योग ध्यान का प्रभाव रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य शारीरिक शिक्षा संकाय के अंतर्गत प्रो.राजीव चौधरी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। डॉ. पूजा ने कहा, यह शोध 'सहज योग ध्यान' के मनोवैज्ञानिक एवं श्वसन कार्यों पर प्रभाव तथा विभिन्न आयु वर्गों में इसके तुलनात्मक प्रभावों पर केंद्रित था, जो कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से संबंधित शोधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# अवैध शराब पर रोक लगाने में विफल, तीन आबकारी सर्किल के प्रभारी अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने अवैध शराब के परिवहन, संग्रहण और कारोबार पर रोक लगाने में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की है। राज्य स्तरीय उड़नदस्ते के औचक निरीक्षण में बलौदाबाजार, महासमुंद और राजनांदगांव जिले में अवैध शराब का मामला पकड़ में आने पर तीन सर्किल अधिकारियों को निलंबित करने के साथ ही आबकारी विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया गया है।

आबकारी आयुक्त से मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने में लापरवाही और उदासीनता बरतने के मामले में बलौदाबाजार जिले के वृत्त प्रभारी मोतिन बंजारे को निलंबित करने के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह, सहायक आबकारी अधिकारी एवं मंडल प्रभारी जलेस सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य स्तरीय उड़नदस्ते ने बलौदाबाजार जिले के ग्राम बनसांकरा में अप्रैल में की गई छापामार कार्रवाई में मध्यप्रदेश राज्य की 104 पेटी विदेशी मदिरा जब्त की गई थी। इस मामले में उक्त अधिकारियों को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए यह कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार 3 मई को महासमुंद जिले के बागबाहरा में 14 पेटी देशी शराब, 8 पेटी गोवा, 14 पेटी उड़ीसा राज्य की बीयर एवं 13 नग विदेशी मदिरा के जब्ती के मामले में वृत्त बागबाहरा के प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है, जबकि वहां पर जिला आबकारी अधिकारी निधिश कोष्ठी एवं मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## तीन जिले बलौदाबाजार, महासमुंद और राजनांदगांव में पकड़ी गई थी अवैध शराब

### राजनांदगांव में पकड़ी गई सबसे अधिक अवैध शराब

राजनांदगांव जिले के आबकारी वृत्त डोंगरगढ़ स्थित ग्राम करवारी लतमर्रा मार्ग के एक फार्म हाउस में पुलिस द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में 432 पेटी विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब और भारी मात्रा में खाली बोतल, ढक्कन, लेबल एवं 4 हजार नग होलोग्राम जब्त किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वृत्त डोंगरगढ़ के प्रभारी अनिल कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जबकि राजनांदगांव के तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त यदुनंदन राठौर एवं मंडल प्रभारी संदीप सहारे को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।



### मुख्यमंत्री ने दिए थे निर्देश कोताही बरतने पर गिरेगी गाज

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में शराब के अवैध परिवहन, संग्रहण एवं कारोबार पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट रूप से कहा था कि आबकारी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सख्ती से इस पर प्रतिबंध लगाएं और इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें। मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा जिलों में अवैध शराब का मामला पकड़ में आने पर संबंधित अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। उक्त तीनों वृत्तों के प्रभारी अधिकारियों का निलंबन और विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों को जारी नोटिस इसी का परिणाम है।

## शराब का आदी था मृतक, अक्सर नशे में पत्नी-बेटे से करता था मारपीट

# बेमता में हुई हत्या का खुलासा, मृतक की पत्नी-बेटा व सास सहित पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेमता में एक व्यक्ति की चाकू से गला काटने के बाद उसके चेहरे पर पत्थर पटक कर हत्या करने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। इस हत्याकांड में एक नहीं, बल्कि पांच लोग शामिल हैं, जिसमें मृतक की पत्नी और उसका बेटा भी शामिल है। इस हत्याकांड की योजना मृतक की पत्नी और उसके बेटे ने ही बनाई थी। बताया जा रहा है कि मृतक शराब का आदी था तथा अक्सर नशे की हालत में दोनों के साथ मारपीट किया करता था। उसके नशे की आदत एवं मारपीट से मां-बेटे दोनों इस कदर त्रस्त हो चुके थे कि उससे हमेशा के लिए छुटकारा पाना चाहते थे। इसके लिए दोनों ने योजना बनाई और फिर अन्य 3 लोगों को इस योजना में शामिल कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इसमें मृतक की सांस भी शामिल है। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- इस प्रताड़ना से त्रस्त होकर उससे छुटकारा पाने योजना बनाकर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस अधिकारियों ने कंट्रोलरूम में इस हत्याकांड का खुलासा किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि 1 मई को ग्राम बेमता गड़रिया नाला के पास ग्राम सांकरा तिल्दा नेवरा निवासी मृतक लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट का शव मिला था। उसके गले पर चाकू से वार और चेहरे को पत्थर से मारकर कुचला गया था। प्रारंभिक जांच में ही पुलिस ने इसे हत्या मानते हुए इसकी जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मृतक की पत्नी रोशनी शर्मा 36 वर्ष एवं उसके पुत्र ऋषि शर्मा 20 वर्ष से पूछताछ की गई थी। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी, इन दोनों से दो से तीन बार पूछताछ की गई, लेकिन हर बार उनके बयान में भिन्नता मिली। इसके बाद पुलिस को दोनों पर संदेह हुआ, जिसके बाद कड़ाई से पूछताछ की गई, तो रोशनी ने हत्याकांड का खुलासा किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह और उसका बेटा दोनों लक्ष्मण के शराब की आदत से त्रस्त थे। नशे में अक्सर वह दोनों के साथ झगड़ा कर मारपीट करता था, जिसके कारण उसकी हत्या कराई।



सभी आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने रोशनी, ऋषि एवं कुसुम को गिरफ्तार करने के बाद फरार हुए उमाशंकर एवं मुकेश को पीछा करते हुए मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने सभी के विरुद्ध धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब पिलाने के बाद चाकू से गला काटा, फिर पत्थर से कुचला चेहरा

कटनी मध्यप्रदेश निवासी रोशनी ने पुलिस को बताया कि पति द्वारा दी जा रही प्रताड़ना की जानकारी उसने अपनी कटनी निवासी मां कुसुम शर्मा 60 वर्ष को दी। इसके बाद उसने हत्या की योजना बनाई। इस योजना में अपनी मां और बेटे के साथ कटनी निवासी उमाशंकर शर्मा 31 वर्ष एवं मुकेश शर्मा 31 वर्ष को भी शामिल किया। दोनों कुसुम के परिचित के है। इस योजना के तहत घटना के दिन उमांशकर एवं मुकेश, रोशनी के घर घूमने के बहाने से पहुंचे और फिर लक्ष्मण को बहाने से ग्राम बेमता ले गये, जहां सभी ने शराब पी और फिर मौका पाकर दोनों ने लक्ष्मण का पहले चाकू से गला काटा और फिर उसकी शिनाख्ती ना हो सके, इस उद्देश्य उसके चेहरे को पत्थर से कुचल दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद दोनों मध्यप्रदेश फरार हो गए थे।

## रविवि का तुगलकी फरमान

# सिर्फ 9 दिनों में पूरा करें कोर्स! तपती गर्मी में अतिरिक्त कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा 15 मई तक स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की सभी सेमेस्टर कक्षाओं के पाठ्यक्रम पूर्ण करने निर्देश दिए गए हैं। रविवि द्वारा यह आदेश छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद जारी किया गया है, जिसमें अधूरे पाठ्यक्रम के कारण परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग की गई थी। छात्रों का कहना है कि स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की अधिकतर कक्षाओं में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सका है। अध्ययनशाला में कई विषयों के शिक्षकों की कमी है। रविवि ने अध्ययनशालाओं के एचओडी को खत लिखने के साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्यों को भी इस संदर्भ में निर्देशित किया है।

- छात्रों ने आधे-अधूरे पाठ्यक्रम के साथ परीक्षाएं लिए जाने का किया था विरोध

आदेश में कहा गया है कि पाठ्यक्रम शेष रहने की स्थिति में अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर इसे पूर्ण किया जाए। गर्मी के कारण अधिकतर महाविद्यालय सुबह की पाली में संचालित हो रहे हैं। अतिरिक्त कक्षाएं संचालित किए जाने की स्थिति में छात्रों को दोपहर तक गर्मी में रुकना पड़ेगा। अधिकतर शासकीय महाविद्यालयों में पंखे की तो व्यवस्था है, लेकिन कूलर या एसी की सुविधा नहीं है।



### विलंब से हुए दिसबंर-जनवरी के पर्चे

स्नातक प्रथम वर्ष में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। प्रथम वर्ष होने के कारण प्रवेश सहित अन्य प्रक्रियाओं में विलंब हुआ। इसके चलते दिसंबर में होने वाली प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं फरवरी माह तक चली। इसके बाद ही द्वितीय सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू हो पाई। ऐसे में दो सेमेस्टर के मध्य मिलने वाला उचित गेप छात्रों को नहीं मिल सका। यही वजह है कि छात्र कोर्स पूर्ण नहीं होने और परीक्षा तिथि में वृद्धि की मांग कर रहे हैं।

### प्राचार्यों को भी देना होगा लेखा-जोखा

रविवि ने ना सिर्फ कोस पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए हैं, बल्कि प्राचार्यों से इसका लेखा-जोखा भी मांगा है। महाविद्यालयों को यह जानकारी प्रेषित करनी होगी कि उनके महाविद्यालय में किसी पाठ्यक्रम की क्या स्थिति है। इसे पूर्ण कराने के लिए लगाई गई अतिरिक्त कक्षाओं की जानकारी भी प्रेषित करनी होगी।

## निधन

### पुरुषोत्तम अजवानी

**रायपुर।** इंद्रावती कालोनी राजा तालाब निवासी पुरुषोत्तम अजवानी का 6 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 मई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सिंधी सहिती बिरादरी मंडल के संस्थापक सदस्य थे। वे जया अजवानी के पति, संजय, सुनील, जितेंद्र अजवानी के चाचा थे।



### रुक्मिणी वर्मा

**रायपुर।** संजय नगर आर्य समाज मंदिर के पीछे निवासी रुक्मिणी वर्मा तरपोंगी वाले (57) का 6 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 मई को सुबह 8 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा।



# मध्य हिस्से में बारिश की गतिविधि में कमी तापमान 3 डिग्री तक बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आने वाली नमी का प्रभाव कम होने से मध्य हिस्से में बारिश की गतिविधि में कमी आ गई है। अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान 3 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। वर्षा की स्थिति बस्तर और सरगुजा में सिमटे रहने के आसार हैं। सोमवार रात शहर में अल्प समय की तेज बारिश की वजह से पारा 38.6 डिग्री से आगे नहीं बढ़ पाया।

मई का पहला सप्ताह बिना गर्मी के बीत चुका है, मगर दूसरे सप्ताह में राजधानी की गर्मी 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार मौसम तंत्रिका मौजूद है, मगर बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आने वाली हवा की दिशा में बदलाव हो गया है, जिसकी वजह से मध्य हिस्से में बारिश की गतिविधि में कमी आ गई है। सोमवार की रात राजधानी में हल्की बारिश हुई थी, जिसकी वजह से दिन का तापमान केवल दशमलव 4 पाइंट ही बढ़ पाया।



- बस्तर और सरगुजा संभाग में वर्षा की संभावना

अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री रिकार्ड होने के साथ प्रदेश में सर्वाधिक रहा। संभावना जताई गई है कि मौसमी गतिविधि कम होने की वजह से अगले चार दिनों तक गर्मी में बढ़ोतरी होगी। आने वाले पश्चिमी विक्षोभ को छोड़ दिया जाए, तो मई के महीने में गर्मी भारी रूप में अपना असर दिखाती है। इस बार भी माह के अंतिम दिनों में गर्मी का तेज असर होगा। मंगलवार को रायपुर में बारिश की गतिविधि थमी रही, इसके अलावा प्रदेश के एक दो इलाके में हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

## पेज 13 के शेष ...

### पिक एंड ड्राप की...

एयरपोर्ट परिसर से टर्मिनल तक की दूरी का अध्ययन कर इसका निर्धारण किया गया था। इस फ्री टाइमिंग पर एक बार फिर सवाल खड़ा किया जाने लगा है।

तर्क दिया जा रहा है कि देश के बड़े विमानतलों की तुलना में रायपुर में बिना शुल्क की एंट्री के लिए काफी छोटा वक्त तय किया गया है। इसकी वजह से कई बार वाहन चालकों और ठेका एजेंसी के बीच विवाद की स्थिति बनती है, जिसका विपरीत असर रायपुर विमानतल की छवि पर होता है। यात्रियों की समस्याओं और विवाद की स्थिति को टालने के लिए पिक एंड ड्राप की फ्री टाइमिंग को पांच से बढ़ाकर दस मिनट किये जाने की मांग की गई है।

### विचाराधीन कैदी की ...

जिसके निशान उसकी बॉडी पर भी है, जिसका विडियो भी बनाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जेल प्रशासन द्वारा शादाब की मौत की खबर तक उन्हें नहीं दी गई है। दूसरे लोगों से इसकी सूचना मिली। इस तरह जेल प्रशासन द्वारा उसकी मौत की खबर भी छुपाई जा रही थी। सरवर का कहना है कि जब तक इस घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे शव को अपने साथ नहीं ले जाएंगे। इधर इस घटना पर जेल प्रशासन के अधिकारियों ने भी चुप्पी साधी हुई है। इस मामले में जेल अधीक्षक से मोबाइल पर संपर्क भी साधा गया, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। हालांकि दबी जुबान में यह बात जरूर कही जा रही है कि कैदी की मौत हृदय घात से हुई है।

बहरहाल शव का पोस्टमार्टम होना अभी बाकी है। बताया जा रहा है कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा होगा। इधर मृतक के परिजन इस घटना की जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, राज्यपाल सहित कलेक्टर, एसपी को आज ज्ञापन सौंपेंगे। इसकी जानकारी मृतक के भाई ने दी।

### सिर्फ एक विद्यार्थी के...

लिए 9 छात्रों ने पंजीयन करवाया था, लेकिन 2 परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा में शामिल 7 छात्रों में से एक विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण जबकि शेष को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। परिणाम 85.71% रहे। फेल हुए विद्यार्थी के लिए अब रविवि पुनः परीक्षा आयोजित करेगा।

विवि अध्ययनशाला में सिंधी भाषा में भी डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है। अन्य भाषाओं की तुलना में इसमें अधिक संख्या में छात्र हैं। 27 छात्र इस परीक्षा में बैठे थे और सभी उत्तीर्ण रहे हैं। विवि द्वारा परीक्षा परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

# कम फीस में एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम बंगाल के नदिया जिला के जेएमएन कॉलेज में एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर रायपुर निवासी एक युवती से 5 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने जांच करते हुए धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुरानी बस्ती थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कालोनी निवासी सुब्रतो मुखर्जी की बेटी आयुषी मुखर्जी सन 2023 में 412 अंक के साथ नेट परीक्षा में उत्तीर्ण हुई है। इसके बाद आयुषी एमबीबीएस की पढ़ाई करना चाहती है, जिसके लिए उसके परिजन ने भी छत्तीसगढ़ के गैर सरकारी कॉलेज में उसका एडमिशन कराने की कोशिश भी की, लेकिन कम अंक मिलने के कारण कॉलेज में एडमिशन फीस 65 लाख रुपए मांगी जा रही थी। इतनी बड़ी रकम देने में परिवार सक्षम नहीं था, जिसके कारण वह कम फीस वाला कॉलेज का पता लगा रहे थे। इसी दौरान पश्चिम बंगाल का रहने वाला किशानु दास 33 वर्ष जो वर्तमान में रॉयल टाउन कालोनी सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर का रहने वाला है, ने फोन पर सुब्रतो मुखर्जी से संपर्क किया और बताया कि वह उसकी बेटी को पश्चिम बंगाल के नदिया जिला के जेएमएन कॉलेज में ट्यूशन फीस सहित 48 लाख रुपए में एमबीबीएस में दाखिल दिला सकता है। उसने यह भी कहा कि इस कॉलेज में ट्यूशन फीस सहित एडमिशन के लिए 86 लाख रुपए लगते हैं, लेकिन उसकी कॉलेज में पहचान है, इसलिए कम फीस में एडमिशन करा देगा।



### 86 लाख जमा करने कॉलेज प्रबंधन ने बनाया दबाव, तब किशानु के झूठ का खुला भेद

इधर किशानु की बात सुनकर सुब्रो एवं उसका परिवार भी झांसे में आ गया, जिसके बाद एडमिशन के लिए सुब्रो ने एक साल के भीतर 36 लाख रुपए का भुगतान भी किया, वहीं शेष 12 लाख रुपए का भुगतान तीन साल में करना था, लेकिन किशानु अपने वादे से पलट गया, जिसके कारण कॉलेज प्रबंधन द्वारा लगातार आयुषी के परिवार पर कुल 86 लाख रुपए फीस जमा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इस बीच किशानु अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया। बताया गया कि एडमिशन दिलाने के नाम पर किशानु ने सुब्रो से पांच लाख रुपए कमीशन भी लिए हैं, जिसे नहीं लौटाया है। इस तरह मामले में किशानु ने कम फीस में कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर न केवल धोखाधड़ी की, बल्कि 5 लाख रुपए भी ले लिए।


**आम सूचना**

**(मौजा उरला, प.ह.नं. 29, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित औद्योगिक परिवर्तित भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नें श्री सरफराज खान पिता शेख मोहम्मद बशीर, निवासी-मकान नं. 10/278, सन्यासी पारा, नगर निगम जोन 01. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके भूमि स्वामी हक वो आधिपत्य की औद्योगिक परिवर्तित भूमि जो कि मौजा उरला, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. रायपुर-21-रावांभाठा, तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित है, जिसका खसरा नंबर 436/2, 436/6, 454/23, 454/30 रकबा क्रमशः 0.1260, 0.0160, 0.0790, 0.2140 हैक्टेयर याने कुल रकबा 0.4350 हैक्टेयर है, को क्रय करने का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख निष्पादन एवं पंजीयन की कार्रवाही शेष है। अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में या अपने इक्छित व्यक्ति या संस्था के नाम पर करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति या दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 06/05/2025

भवदीय
**हेमन्त डहरवाल, अधिवक्ता**
**शॉप नं. 02, प्रथम तल, बाबजी कॉम्पलेक्स, श्याम टॉकिज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर**
**मोबाईल नं. 99939 52220**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक - सेरीखेड़ी तहसील व जिला-रायपुर**

**आम सूचना**

दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता संतोषी पति मुकेश संतोषी निवासी टांटीबंध रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम सकरी पटवारी हल्का नंबर 75 राजस्व निरीक्षक मंडल-सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 129/7 रकबा 0.148 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25.04.2025 के परिपालन में दिनांक 08.05.2025 को समय 11 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 75 के तुलसी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जाने
**राजस्व निरीक्षक - सेरीखेड़ी**

पत्र क्रं /18513/ न. पा. नि. जोन के 10/2025
रायपुर, दिनांक 25-03-2025

**इश्तिहार**

नामंतरण प्र.क्र. 18513
वार्ड का नाम 55 रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651G00582 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती NIDHI JAIN पिता / पति श्री/श्रीमती SANAT KUMAR JAIN के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Panju Sahu पिता / पति श्री/श्रीमती W/O Dinesh Kumar Sahu ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा । आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

**"सूचना जारी करे"**
**श्री राकेश शर्मा (जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु**
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालयः–भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**
**उत्तराधिकार प्र.क्र.- 80/2023, प्रो.क्र. 359**
**पेशी तारीख- 18.06.2025**
**अरविंद राजु तिर्की ..........आवेदक**
**-बनाम-**
**शाखा प्रबंधक/सक्षम अधिकारी वगै. ..अनावेदकगण**

**प्रति,**
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण।**

जो कि आवेदक के मृतक दत्तक माता अपोलिना कुजूर के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 18.06.2025 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 03.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 03.05.2025
मुहर

**भूपेश कुमार बसंत**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा 5900 आवेदन आवास के, रेलवे की जमीन पर बसी बस्तियों से 1600 फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोनों के 70 वार्ड में लगाये गये सुशासन तिहार शिविर में सबसे ज्यादा मांग आवास की रही। रेलवे की जमीन पर पटरी किनारे बसी बस्तियों से 1600 आवेदन आवास के प्राप्त हुए, जिसमें लोगों ने उसी जगह पर आवास उपलब्ध कराने अर्जी लगाई है। रमण मंदिर वार्ड के चूनाभट्ठी इलाका और वीरांगना अवंतिबाई वार्ड के डब्लूआरएस कालोनी से थोक में आवेदन मिले हैं। जबकि यह जमीन रेलवे की है इसलिए अफसर पेशोपश में हैं। सुशासन तिहार में आवास के सबसे ज्यादा 5,900 आवेदन मिले हैं। ज्यादातर आवेदन ऐसे हैं जिसमें दस्तावेज अपलोड नहीं किया गया है, ऐसे में आवेदकों को फोन कर उनसे ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने कहा जा रहा है।

## अब तक दस फीसदी पात्रता की पुष्टि, आवेदन परीक्षण में हांफ गये अफसर

### योजना का नाम नहीं दर्शाया

आवास योजना में ऐसे भी आवेदन मिले हैं, जिसमें आवेदक ने केवल एक पन्ने का आधा-अधूरा फार्म भरा है। आवेदन में इस बात का उल्लेख तक नहीं किया उन्हें बीएलसी यानी लाभार्थी आधारित आवास निर्माण चाहिए या भागीदारी में किफायती आवास योजना का लाभ लेना है। दस्तावेज जांच के दौरान अब ऐसे आवेदकों को उनके संपर्क नंबर पर जानकारी देने कहा जा रहा है। मकान संबंधित आवेदन पर विभागीय अधिकारियों का कहना है पात्रता परीक्षण के लिए दस्तावेज अपलोड करने कहा जा रहा है।

### खास बातें

- चूनाभट्ठी, डब्लूआरएस कालोनी से थोक में आवेदन
- दस्तावेज परीक्षण में करनी पड़ रही मशक्कत



### पेयजल समस्या के लिए 349 आवेदन

सुशासन तिहार शिविर में पेयजल समस्या को लेकर 349 आवेदन आये हैं। इसमें पानी सप्लाई के लिए लाइन बिछाने की मांग,वाल्व में सुधार, पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत शामिल है। इसी तरह सफाई को लेकर 733 आवेदन मिले। इसमें जनता ने सफाई में लापरवाही से को लेकर व्यवस्था सुधारने आवेदन किया है।

दरअसल, नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डो में सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर आम जनता से उनकी मांगों ओर शिकायतों को ऑनलाइन -आफलाइन दर्ज किया गया। इस दौरान 12,543 मांगें और 2,114 शिकायतें प्राप्त हुयीं। इसमें सबसे ज्यादा 5,900 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों के मिले, जबकि नाले-नाली की सफाई और मोहल्ले में कचरा उठाने के संबंध में 733 शिकायतें मिलीं। चौंकाने वाली बात ये रही कि रेलवे पटरी के किनारे रेलवे की जमीन पर बसी बस्तियों में रहने वाले 1600 लोगों ने उसी जगह पर मकान देने आवेदन किया है, जबकि नियम अनुसार रेलवे की जमीन पर आवास निर्माण की अनुमति नहीं है। ऐसे में संबंधित आवेदक को नगर निगम केवल व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास उपलब्ध करा सकता है।

## खबर संक्षेप

### कैट छत्तीसगढ़ की नई कार्यकारिणी गठित, परमानंद जैन बने प्रदेश अध्यक्ष




**रायपुर।** कैट छत्तीसगढ़ को नया नेतृत्व मिला है। परमानंद जैन कैट की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं। इसी तरह नई कार्यकारिणी में सुरिंदर सिंह को प्रदेश महामंत्री और अजय अग्रवाल को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कैट छत्तीसगढ़ चेप्टर की बैठक मंगलवार को दोपहर 3 बजे प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी को नई प्रदेश कार्यकारिणी गठन के लिए अधिकृत किया गया था। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी ने परमानंद जैन के नाम का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए परमानन्द जैन को छत्तीसगढ़ प्रदेश का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया। बैठक के प्रारंभ में जितेन्द्र दोषी ने सदस्यों का अभिनंदन करते हुए संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुये नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने एक्सीडेंट में एक युवक की मौत के मामले में जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 11 मार्च को राजातालाब के पास एक्सप्रेस-वे ब्रिज पर हुई थी। मनीष शिंदे निवासी बच्चन कॉलोनी गुढ़ियारी का रहने वाला था। घटना के समय मृतक एक्टिवा से जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस घटना की जांच के बाद धारा 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मकान में धावा, 96 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में एक मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी खेमिन ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 मार्च से लेकर 29 अप्रैल के दौरान उसके कुकुरबेड़ा स्थित मकान में कोई चोर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवर की कीमत लगभग 96 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

# पानी की समस्या पर एक ही दिन में 2 जोन में बैठक, पार्षदों से लिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

शहर में पेयजल संकट को लेकर जहां निगम आयुक्त विश्वदीप ने जलसंकट प्रभावित इलाकों में जलप्रदाय के समय सुबह आधे घंटे बिजली बंद रखने की अनुशंसा की, वहीं महापौर मीनल चौबे अलग-अलग जोन में जल विभाग अध्यक्ष संतोष साहू के साथ वार्डवार पानी की समस्या दूर करने बैठक ले रही हैं। मंगलवार को मोतीबाग चौक स्थित जोन 4 में जल समस्या पर जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा की उपस्थिति में पार्षदों की बैठक ली। इस दौरान महापौर मीनल चौबे ने कहा कि वार्ड में पानी की समस्या आने पर स्मार्ट सिटी और नगर निगम के अमृत मिशन की टीम आपसी तालमेल बनाकर काम करे। जोन 4



के 7 वार्डों में पेयजल आपूर्ति को लेकर पार्षदों से रायशुमारी कर उनसे सुझाव लिये गये। जल विभाग अध्यक्ष संतोष साहू ने जोन के अधिकारियों को गर्मी में पेयजल समस्या निराकरण में तत्परता बरतने के निर्देश दिये।

बैठक में एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, संजना हियाल, पार्षद अर्जुमन-एजाज ढेबर, अजय साहू सहित अन्य वार्ड के पार्षदों की उपस्थिति रही।

### जोन 5 के पार्षदों ने बताई परेशानी



जोन 5 क्षेत्र सुंदर नगर वार्ड के मैत्री नगर, चंद्रशेखर नगर, पहाड़ी तालाब, प्रगति चौक, मिलेनियम चौक एवं अमरपुरी में जलप्रदाय के समय पानी के प्रेशर कम आने की शिकायत आयी। इसी तरह महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड पार्षद अंबर अग्रवाल ने मोतीबाग पानी टंकी से ढीमर पारा क्षेत्र में पर्याप्त पानी नहीं मिलने की जानकारी दी। वामन राव लाखे वार्ड के आदर्श नगर, रामायण नगर, वाल्मिकी नगर एवं चंद्रशेखर नगर में नलों से पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत वार्ड पार्षद बब्बी सोनकर ने दी। बुलाई गई बैठक में पार्षदों ने महापौर और जल विभाग अध्यक्ष को सुझाव दिया विद्युत प्रवाह जल आपूर्ति के दौरान बंद करना हो तो सभी समस्याग्रस्त जगह पर एक साथ बिजली बंदरखे अन्यथा कहीं भी ना रखें। ईदगाह भाठा पानी टंकी स्थित जोन 5 कार्यालय में आयोजित बैठक में जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, सुमन पांडे, पार्षद दुर्गा साहू, ममता तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### जल संकट की शिकायत पर महापौर पहुंची कैपिटल सिटी फेज 2



नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 में पानी की समस्या से त्रस्त रहवासियों की शिकायत पर महापौर मीनल चौबे ने संज्ञान लिया है। मंगलवार को महापौर ने प्रभावित इलाके में पहुंचकर लोगों से बातचीत कर उनकी परेशानी सुनी। पता चला कि निगम को टैक्स का भुगतान करने के बाद भी सैकड़ों परिवार को पीने के पानी के लिए दिक्कत हो रही है। मीनल चौबे ने संबंधित अधिकारियों को 2 दिन के भीतर समस्या का समाधान करने निर्देश दिये। दरअसल, महात्मा गांधी वार्ड के सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 में रहने वाले 250 परिवार भीषण गर्मी में पानी के संकट से जूझ रहे हैं। जोन में शिकायत के बाद भी इसकी अनदेखी से नाराज रहवासियों ने हाल ही में निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि निगम ने पेयजल आपूर्ति के लिए 2 इंच की पाइप लाइन बिछाई है, पर इसमें पानी बहुत कम आ रहा है। जन शिकायत के बाद महापौर मीनल चौबे मंगलवार को जोन 9 के अधिकारियों के साथ संबंधितकालोनी पहुंची। इस दौरान जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास सहित जल विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नियमित वालों के प्रमोशन की संभावना से संविदा डाक्टरों को टेंशन, एक सीनियर डाक्टर ने छोड़ी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग में नियमित डाक्टरों की भविष्य में होने वाली पदोन्नति की संभावना के बाद संविदा आधार पर सेवा देने वाले चिकित्सकों का टेंशन बढ़ गया है। प्रमोशन के दौरान संबंधित पद पर नियमित डाक्टर मिलने से उनकी नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी। इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए रायपुर मेडिकल कालेज के एक सीनियर डाक्टर ने इस्तीफा दे दिया है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वेतन बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद भी संविदा चिकित्सकों को अपनी भविष्य की चिंता सता रही है, जिसकी वजह से संविदा डाक्टरों की भर्ती की प्रक्रिया को बड़ी सफलता नहीं मिल पा रही है।

जानकारी के अनुसार शासकीय मेडिकल कालेज के बायो केमेस्ट्री विभाग में प्रोफेसर के रूप में सेवा देने वाले



चिकित्सक डा. पीके खोडियार करीब बीस साल से संविदा आधार पर अपनी सेवा दे रहे थे। उनके साथ काम करने वाले कनिष्ठ चिकित्सक जो नियमित हैं, वे प्रमोशन के पात्र हो चुके हैं और आने वाले दिनों में प्राध्यापक बनाए जाने के बाद डा. खोडियार की संविदा वाला पद स्वतः समाप्त हो जाता है। लंबे समय से सेवा देने के बाद भी उन्हें और ऐसे कई चिकित्सकों नियमित नहीं किया गया है। पीएससी के माध्यम से जिनकी सीधी भर्ती हुई है, उन्हें प्रमोशन का लाभ मिलेगा, जिसके बाद संविदा वालों के कई पद समाप्त हो जाएगा। भविष्य को लेकर चिंतित संविदा डाक्टर बेहतर विकल्प की तलाश में हैं।

### डीके अस्पताल दूसरा उदाहरण

सूत्रों के अनुसार डीकेएस सुपरस्पेशलिटी विभाग में सेवा देने वाले 80 फीसदी चिकित्सा संविदा आधार पर अपनी सेवा दे रहे हैं। वहां भी भर्ती के लिए लगातार प्रयास होते हैं मगर पूरी फैकल्टी की व्यवस्था नहीं हो पाती है। वहीं निजी अस्पतालों में सेवा देने बड़े पैकेज का ऑफर मिलने पर अक्सर संविदा चिकित्सक अपनी नौकरी छोड़ देते हैं। आंबेडकर अस्पताल में भी इस्तीफे का मामला पूर्व में सामने आ चुका है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि संविदा डाक्टरों को अगर नियमित किया जाता है कि तो फैकल्टी की कमी काफी हद तक पूरी की जा सकती है।

### लाखों की अफरातफरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायपुर।** लाखों रुपए की एल्युमीनियम सिल्ली और 16 चक्का ट्रक की अफरातफरी के मामले में पुलिस ने शहडोल के संतोष महरा और गाजीनगर बिरगांव के मोहम्मद साहिबे आलम को खमतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ट्रक में लदे 25 लाख रुपए से ज्यादा कीमत की एल्युमीनियम सिल्ली की अफरातफरी कर खपाने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे थे।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित होगा करबला तालाब, नाम बदलने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने कहा है कि करबला तालाब को मरीन ड्राइव की तरह विकसित किया जायेगा। शहर के बीच स्थित इस तालाब में सुरक्षा का पूरा इंतजाम रहेगा, शानदार पाथवे का निर्माण कराया जायेगा। बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड और ओपन जिम बनाया जायेगा। स्वामी आत्मानंद वार्ड में 2 करोड़ 89 लाख के विकास कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने ये बातें कही। उन्होंने ये भी कहा कि क्षेत्र के नागरिक चाहते हैं कि करबला तालाब का नाम स्वामी आत्मानंद किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित महापौर मीनल चौबे एवं नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर से अनुरोध किया गया कि करबला तालाब का नाम स्वामी आत्मानंद तालाब किया जाए।

श्री मूणत ने कहा कि क्षेत्र की जनता को सुविधा देने के लिए अगर कोई कड़ा फैसला लेना पड़े, तो वो भी लेंगे। तालाब के किनारे का आधा भाग कब्जा मुक्त हो गया है और जिस क्षेत्र में कब्जा बचा है, उसे



बुलडोजर चलाकर कब्जा मुक्त किया जाये। राजेश मूणत ने कहा कि जनता द्वारा जीई रोड स्थित राजकुमार कॉलेज के सामने शराब दुकान को हटाने की मांग की गई थी, जो अब पूरी हो गई है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ने की। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिक्षा, स्वच्छता, अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### विधायक मोतीलाल साहू ने 11 कार्यों का किया भूमिपूजन

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने 5 वार्डो के 11 अलग-अलग स्थानों पर 1.50 करोड़ की लागत से होने जा रहे विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के बाद रिद्धि सिद्धि गार्डन के पास ओम विहार तक पाइप लाइन विस्तार कार्य, शासकीय प्राथमिक शाला पुरैना और संतोषी पारा में प्रार्थना शेड, मरम्मत कार्य,देवपुरी तालाब के पास निर्मल घाट का भूमिपूजन किया। इसी तरह बजरंग चौक देवपुरी में रंगमंच निर्माण कार्य देवपुरी हर्ष रेसीडेंसी से हर्ष विला तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य कराये जायेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद गायत्री नौरंगे, विनय प्रताप सिंह ध्रुव, पूर्व पार्षद लीलाधर चंद्राकर, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## बिजनेस साइट

### 45 बिस्तरों वाले श्रीनय मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की बढ़ती लोकप्रियता

**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित श्रीनय मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल अपनी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लोकप्रिय होता जा रहा है। 45 बिस्तरों की सुविधा वाले इस अत्याधुनिक अस्पताल ने अल्प समय में ही संपूर्ण राज्य में एक विश्वसनीय पहचान बना ली है।

हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ. आरके पटेल ने बताया कि यहां अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम 24 घंटे उपलब्ध रहती है। अस्पताल में इमरजेंसी सेवा, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर (ओटी), प्राइवेट और जनरल वार्ड जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्रीनय हॉस्पिटल में सभी प्रकार




की बीमारियों का उपचार किया जाता है, जिसमें मल्टी स्पेशिलिटी सेवाएं जैसे मेडिसिन, जनरल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी और अन्य प्रमुख विभाग शामिल हैं।



सुमीत बाजार में
आज पेपर कटिंग लाने पर
बुधवार स्पेशल
मैटी कम्फर्टेबल फेब्रिक के साथ
मेन्स टीशर्ट
राउण्ड नेक
बाजार ₹499 प्रति वाला
LIMITED OFFER
ONLY ₹249/-
2 पीस
सभी साईज में उपलब्ध
*CONDITION APPLY
ऑफर सिर्फ पेपर कटिंग लाने पर ऑफर स्टॉक रहने तक प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 1 सेट
• बैजनाथ पारा • सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी
• न्यू राजेन्द्र नगर • गली नं. 2, कटोरा तालाब • मेन रोड, लाखेनगर • मंगल बाजार, गुढ़ियारी

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 7 मई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



हाईप्रोफाइल सोसाइटी की पहली पसंद ...

## जॉब अलर्ट

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में विभिन्न पदों की होगी भर्ती, 21 तक आवेदन

**रायपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बलरामपुर के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में विभिन्न पदों की पूर्ति के लिए 21 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी पुरुष, फिजियोथेरापिस्ट, प्रोग्राम एसोसिएट, डेंटल सर्जन, ऑडियोलॉजिस्ट, ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट रेडियोग्राफर, लैब सुपरवाईजर, एसटीएस, फार्मासिस्ट, टेक्निकल असिस्टेंट हियरिंग इंपेयर्ड चिलर्डन, लैब टेक्नीशियन एनएचएम, लैब टेक्नीशियन बीपीएचयू, सचिविक सहायक, कनिष्ठ सचिविक सहायक, फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर, काउंसलर एवं अटेंडेंट के नवीन एवं बैकलॉग पदों पर संविदा भर्ती की जानी है। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज में 21 मई 2025 शाम 05 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट एवं कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।



### युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प आज

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर में 7 मई 2025 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से सांयकाल 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजी सेक्टर के दो नियोजकों के कुल 14 पदों पर भर्ती किया जाएगा, जिसके तहत सिविल इंजीनियर एवं डिप्लोमा सिविल इंजीनियर के लिए सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा, ऑउट रीच वर्कर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण तथा राज मिस्त्री हेतु राज मिस्त्री प्रशिक्षित इच्छुक आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर आड़ावाल में समयावधि में अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां एक-सेट छायाप्रतियां एक पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। इन सभी पदों के लिए कार्यक्षेत्र जगदलपुर निर्धारित है।

## 10वीं-12वीं के परिणाम आज, परीक्षा से एक दिन पहले छात्रों ने हेल्पलाइन पर बांटी चिंताएं

# अंक जीवन नहीं, बस एक पड़ाव है.. कम अंकों से घबराएं नहीं, सप्लीमेंट्री से फिर बना सकते हैं अपना बेहतर भविष्य

**छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं तथा 12वीं दोनों परीक्षाओं के परिणाम तैयार किए जा चुके हैं। बुधवार को इनके परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। नतीजे जारी होने के पहले तक छात्रों में तनाव देखा जा रहा है। परिणाम जारी होने के एक दिन पहले माशिम की हेल्पलाइन पर थोक में फोन कॉल्स आए। फोन करने वाले अधिकांश छात्रों को इस बात का डर सता रहा था कि यदि अंक अच्छे नहीं आए तो माता-पिता उनसे नाराज हो सकते हैं या फिर उनकी तुलना भाई-बहनों से की जाएगी। कुछ ने तो घर छोड़ने जैसे विचार भी व्यक्त किए।**



रायपुर। हेल्पलाइन पर मौजूद विशेषज्ञों ने उन्हें समझाया कि एक रिपोर्ट कार्ड उनके जीवन का अंतिम मूल्यांकन नहीं है। कम अंक आने पर भी जीवन में सफलता संभव है, बशर्ते आत्मविश्वास बना रहे और आगे की तैयारी पूरी गंभीरता से की जाए। छात्रों को सलाह दी गई कि वे अपने पालकों से खुलकर बात करें और आश्वस्त करें कि अगली बार वे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। पालकों को भी बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और विश्वास बनाए रखने की सलाह दी गई। मंगलवार को राज्यभर से 100 से अधिक कॉल्स आए। रायगढ़, छुरा, जांजगीर-चांपा, भाटापारा, तिल्दा, सुरजपुर, बिलासपुर और दुर्ग जैसे क्षेत्रों से बच्चों ने अपनी समस्याएं साझा कीं। हेल्पलाइन विशेषज्ञों ने सभी को धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### कम नंबर आने पर अब ऐसे बढ़ा सकेंगे अंक



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से जेके अग्रवाल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में कम अंक आने पर छात्रों को द्वितीय मुख्य परीक्षा का अवसर दिया जा रहा है। परीक्षा परिणाम घोषणा के बाद शिक्षा मंडल के वेबसाइट पर इसकी जानकारी प्रकाशित की जाएगी, जिसमें छात्रों को पंजीयन कर विषय चयन करना होगा। उदाहरण के तौर पर विद्यार्थी ए ने गणित विषय में 40 अंक हासिल किए और छात्र अपने अंक बढ़ाना चाहता हो तो वह दोबारा परीक्षा में बैठ सकता है। जिसमें अगर छात्र ए का नंबर बढ़ता है तो नया मार्कशीट तैयार होगा। यदि 40 से कम नंबर मिले तो मार्कशीट में नंबर कम नहीं किए जाएंगे।

### सप्लीमेंट्री आने पर दोबारा मौका

पढ़ाई में कमजोर छात्र, जिनकी परीक्षा में यदि सप्लीमेंट्री आ जाए तो वे भी द्वितीय मुख्य परीक्षा में बैठ सकते हैं। अगर कोई छात्र 2 विषय में सप्लीमेंट्री आया हो तो उन्हें भी मौका दिया जाएगा, जिसमें पास होने पर नया मार्कशीट बनाया जाएगा और छात्र को पास घोषित किया जाएगा। इस योजना का लाभ सभी छात्र ले सकते हैं। यदि महाविद्यालय में दाखिले के लिए नंबर कम लगें तो दोबारा एग्जाम अटेंड कर सकते हैं।

### बच्चों द्वारा पूछे गए इस तरह के सवाल

*सवाल- दसवीं के बाद बारहवीं में किस विषय का चयन करूं, भविष्य में किस विभाग में जा सकते हैं?*
जवाब- यदि आप अपने मनपसंद कार्य का चयन कर चुके हैं तो उसके अनुसार विषय लें। जिस विषय में आपकी रुचि अधिक है, उसका चयन करें। सभी विषय महत्वपूर्ण होते हैं। आप अपनी योग्यता से किसी भी विभाग में जा सकते हैं।

*सवाल-परीक्षा तनाव के चलते घर से भागने का मन कर रहा है।*
जवाब- परीक्षा परिणाम को लेकर तनाव लेने की आवश्यकता ही नहीं है। आपने जैसे प्रश्नों का उत्तर लिखा है, उसके अनुसार आपको नंबर दिए जाएंगे। यदि आपको नंबर कम लगें या फिर आप असफल हो जाएं तो माता-पिता को समझाएं और उन्हें विश्वास दिलाएं कि अगले साल आप इससे बेहतर परिणाम लाएंगे।

*सवाल- नंबर कम आए तो मम्मी-पापा चिल्लाएंगे, मुझे डर लग रहा है।*
जवाब- डरने की कोई बात नहीं है। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। जब आप समय पर पढ़ाई नहीं करते और अधिक समय मोबाइन स्क्रीन पर समय बिताते हैं, तब माता-पिता आपके हित के लिए आपको पढ़ाई करने कहते हैं। वह आपके लिए अच्छा सोचते हैं, इसलिए वे आपके भविष्य की चिंता करते हैं। परीक्षा में असफल होने पर यह परिणाम आपका भविष्य निर्धारित नहीं करता। आपको डरने की आवश्यकता नहीं है।

*सवाल- घर में बड़े भाई-बहन के अच्छे नंबर आए हैं। यदि मेरे* अच्छे अंक नहीं आए तो क्या होगा, यह सोचकर में तनाव में हूं।
जवाब - यदि आपने परीक्षा में पूछे गए सभी प्रश्नों को अच्छे से हल किया था, तो आपको तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। आपके भी अच्छे अंक आएंगे। परीक्षा परिणाम को लेकर तनाव न लें।

*सवाल- परीक्षा में कुछ प्रश्नों के उत्तर अपने मन से लिखे हैं, मुझे नंबर मिलेंगे या नहीं?*
जवाब- उदाहरण के तौर पर जब आपसे आपका नाम पूछा जाए और आपने अपने निवास का पता लिखा हो, उस स्थिति में आपको नंबर नहीं मिल सकते। यदि आपके प्रश्न के अनुसार उत्तर लिखा होगा तो आपको जरूर नंबर दिए जाएंगे।

*सवाल- सभी विषयों की परीक्षा अच्छे से गई, लेकिन संस्कृत विषय में डर लग रहा। अगर मैं फेल हो गया तो?*
जवाब-जब आपने सभी विषयों की तैयारी अच्छे से की है तो संस्कृत विषय में भी आपके अच्छा नंबर ही आएंगे। यदि आप उस विषय में असफल हो जाएं तो दोबारा परीक्षा दिला सकते हैं।

## सिटी इवेंट

# बाल संस्कार शिविर में मिल रहा भारतीय संस्कृति व परंपराओं का ज्ञान



**रायपुर।** माहेश्वरी युवा मंडल द्वारा तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया, जहां प्रदेशभर से 245 स्कूली बच्चे शामिल हुए। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना रहा। शिविर में देशभर से प्रशिक्षक शामिल हुए, जिन्होंने भारतीय संस्कृति, परंपरा, धार्मिक ज्ञान और संस्कार जैसे प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कोलकाता से मोटिवेशनल स्पीकर शोभा सदानी, शिशु रोग चिकित्सक डॉ. अशोक भट्टर, उदयपुर से मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. श्रद्धा गट्टानी, सिंगर व स्पीकर रूपल मोहता, उदयपुर से मोटिवेशनल स्पीकर निशा लड्ढा और निजी स्कूल के डायरेक्टर व स्पीकर सिद्धार्थ सिंह शामिल हुए।

### बच्चों में शिक्षा और संस्कार जरूरी

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर ने बताया कि बच्चों में बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है, जिसमें बच्चों को गुरु और बड़ों का सम्मान करने की बात की गई। बच्चों को कुछ नया सिखाने से पहले माता-पिता खुद में सुधार करें, बच्चे सुनने से पहले आसपास के वातावरण को देखकर सीखते हैं। जीवन में दूसरे व्यक्तियों का आदर आपके बेहतर व्यक्तित्व को दर्शाता है। इन दिनों बच्चे मोबाइल और सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं, जो उन्हें मानसिक रूप से प्रभावित कर रहा है।

तीन दिवसीय शिविर में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों की भागीदारी रही, जिन्हें स्कूली शिक्षा के अलावा अन्य भारतीय परंपराओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ और राम-राम के जाप का विशेष महत्व स्पीकर सिद्धार्थ सिंह ने बताया। जिन्होंने चालीसा के महत्व और अर्थ पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हनुमान चालीसा का प्रत्येक श्लोक अपने आप में पूर्ण है।



### सपने अपनों के साथ देखें

चर्चा के दौरान अपनी बात शुरू करने से पहले बात सुनना जरूरी होता है, इससे व्यक्ति के भाव की जानकारी होती है। अच्छी संवाद प्रक्रिया के लिए यह सबसे जरूरी मूल्य है, जो अब बच्चों में कम होता जा रहा है। मोटिवेशनल स्पीकर रूपल मोहता ने बताया कि अच्छे संवाद के लिए कई बातों का ध्यान देना जरूरी है, जिसमें शब्द और बात करने का सही ढंग शामिल होता है। सभी बच्चे सपने अपनों के साथ पूरा करें, घर पर अपने परिजनों को ध्यान में रखते हुए कॅरियर बनाएं। एक अच्छे व्यक्तित्व के लिए कॅरियर की समझ, आत्मनिर्भर और सटीक संवाद का होना जरूरी है।

# विभिन्न पद्धतियों से प्रसव को सुरक्षित बनाने मेडिकल कॉलेज में पेनलेस लेबर पर चल रहा शोध

**रायपुर।** स्त्री प्रसूति चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे आधुनिक चिकित्सा तकनीकी के विकास ने लेबर पेन व हाईरिस्क डिलीवरी को सुरक्षित बनाया है। वहीं अगर बात नेचुरल डिलीवरी की होती है तो आज के दौर में तेजी से बदली लाइफ स्टाइल ने कहीं न कहीं प्रसव को हाईरिस्क स्टेज तक पहुंचा दिया है। ऐसे में प्रेग्नेंसी प्लानिंग करने वाले दंपति को नार्मल डिलीवरी प्रेफर हो सके और हाईरिस्क में सिजेरियन डिलीवरी से जुड़े कॉमप्लिकेशन से बच सकें, इसके लिए किस तरह से गर्भधारण के समय देखभाल की जाए। इस विषय पर शहर के जाने-माने स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञों से चर्चा की गई।



**प्रेग्नेंसी प्लानिंग से पहले प्रॉपर कॉउंसिलिंग से नार्मल डिलीवरी संभव**

विशेषज्ञों से शहर में स्त्री प्रसूति एवं चिकित्सा को लेकर किस तरह के नए आधुनिक चिकित्सा पद्धति उपलब्धता, शोध कार्य सहित सिजेरियन के मुकाबले नार्मल डिलीवरी की संभावना को सरल बनाने क्या कुछ किया जा रहा है, इस पर डॉ. ज्योति जायसवाल, प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग, पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ने बताया कि पीड़ा रहित प्रसव पर अलग-अलग स्तर पर चार शोध पेपर पर काम चल रहा है। इसके अलावा प्रसव के प्रत्येक केस में नेचुरल डिलीवरी को पहली प्रथामिकता देने की प्रयास करते हैं, लेकिन हाईरिस्क की स्थिति में सुरक्षित डिलीवरी के लिए सिजेरियन का ही विकल्प रह जाता है। इसीलिए दंपत्ति को प्रेग्नेंसी प्लानिंग से पहले प्रॉपर कॉउंसिलिंग कराते हैं।

### हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के केसेस ज्यादा

डॉ. तबस्सुम दल्ला, स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ का कहना है कि प्रसव के दौरान पूरे प्रेग्नेंसी चक्र के 9 महीने को तीन तिमाही में बांटकर डाइट्स दिया जाना होता है, ताकि वजन, खून की मात्रा, बॉडीमॉस इडेक्स को संतुलित किया जा सके। नार्मल डिलीवरी में सबसे बड़ी परेशानी का कारण आज एक तो असंतुलित खानपान व दूसरा अधिक उम्र में प्रेग्नेंसी प्लानिंग करना बन रहा है। आमतौर पर 32 से अधिक उम्र की स्थिति में हाईरिस्क प्रेग्नेंसी के केसेस ज्यादा देखने को मिल रहे हैं।

# फाइट कैंप में तैयार हो रहे खिलाड़ी हैदराबाद में 23 से प्रतियोगिता

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में जारी रिंग फाइट कैंप में खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण किया जा रहा है, जिसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कैंप के माध्यम से रस्सा खींच, पंचेस फाइट और राउंड ऑल किक्स खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंडल की खेल समिति के सदस्य ओपी कटारिया ने बताया कि रिंग फाइट में तीन प्रकार की फाइट होती है। पहली रस्सा खींच, जिसमें खिलाड़ी को केवल 22 व 30 सेकंड में ही दूसरे खिलाड़ी को अपनी ओर खींचना होता है। दूसरी पंचेस फाइट, इसमें दो मिनट में खिलाड़ी एक-दूसरे के फेस पर पंच करते हैं। तीसरी, राउंड ऑल किक्स, इसमें प्रतिभागी प्रतिस्पर्धी से दो मिनट में ही फ्री स्टाइल की फाइटिंग करेंगे।

### संत ज्ञानेश्वर स्कूल में तैयारी

मंडल के सदस्य ने बताया कि 23 मई को हैदराबाद में रिंग फाइट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है, जिसके लिए शहर के होनहार और खेल प्रेमी खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। संत ज्ञानेश्वर स्कूल परिसर में निजी एवं सरकारी विद्यालयों के छात्रों को प्रमुख्ता से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ियों का योग्यता परखने के बाद रिंग फाइट के लिए 22 मई को पहली टीम रवाना होगी। महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि प्रतियोगिता में भारत सहित बंगलादेश, श्रीलंका, नेपाल, इराक जैसे देशों की टीमें शामिल होंगी।

## एथलेटिक्स दिवस आज, बस्तर ओलंपिक से प्रदेश को मिले नए धावक

# गांवों की मिट्टी से निकल रहे एथलेटिक्स के चमकते सितारे, शहरों को दे रहे कड़ी टक्कर

कार्नर न्यूज





**रायपुर।** मैदान की धूल, नंगे पैर की रफ्तार और जंगलों की ताजगी लिए अब छत्तीसगढ़ के गांवों से एथलेटिक्स की नई पीढ़ी निकल रही है। खेल का जुनून अब केवल स्टेडियम तक सीमित नहीं, बल्कि बस्तर के जंगलों, खेतों की मेड़ और स्कूल के खुले मैदानों तक फैल चुका है। शहरों की चकाचौंध के बजाय गांवों की सादगी से निकले खिलाड़ी ही अब राज्य के लिए उम्मीद की नई किरण बनते जा रहे हैं। एथलेटिक्स दिवस पर हरिभूमि ने खेल संघ और खिलाड़ियों से बातचीत की। आगामी एथलेटिक्स के नेशनल खेलों में ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी ही प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। शहर में जॉब नहीं मिलने से ज्यादातर खिलाड़ी खेल छोड़ने लगे हैं। बीते पांच सालों में शहरों की तुलना में अब राज्य के सुदूर ग्रामीण और आदिवासी अंचलों से अधिक संख्या में एथलेटिक्स के भावी सितारे उभर रहे हैं। सालभर चले ट्रायल और चयन प्रक्रियाओं में सामने आया कि शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने ज्यादा प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

### बस्तर ओलंपिक से निकले नए चैंपियन

एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष महेंद्र आहूजा ने बताया कि कोण्डागांव, कांकेर, सुकमा, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे बस्तर अंचल के जिलों में आयोजित बस्तर ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने दौड़, लंबी-ऊंची कूद और गोला फेंक जैसे ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इन जिलों से खेल विभाग को दर्जनों नए और प्रतिभाशाली एथलीट मिले हैं, जो अब राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### शहर पिछड़ा, गांव हुए आगे

दौड़, क्रॉस कंट्री, रेस वॉकिंग और लॉन्ग जंप जैसी प्रतिस्पर्धाओं में अब गांव के खिलाड़ी लगातार पदक जीत रहे हैं। यह ट्रेंड खेल विभाग के लिए भी एक नई दिशा है, जिससे राज्य की एथलेटिक नीति और प्रशिक्षण का फोकस अब गांवों की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन खिलाड़ियों को यदि समय पर बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें तो वे ओलंपिक जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

### विशेष पुरस्कार की घोषणा से मिला प्रोत्साहन

प्रदेश में खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों के लिए तैयार किया जा रहा है। नए उभरते खिलाड़ियों के चयन से अब उम्मीद बढ़ी गई है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दो करोड़ रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। इससे खिलाड़ियों का उत्साह भी खेल को लेकर बढ़ा है।

“फलों के राजा आम के दीवाने तो हर आम-ओ-खास हैं, पर स्वाद लेने की बात आती है तो आम की किस्मों, कीमत पर गौर करना पड़ जाता है। गर्मी में आम का सीजन है, ऐसे में राजधानी के फल बाजार में एक से बढ़कर एक किस्म के आम देश के अलग-अलग मुख्य आम उत्पादक राज्यों से मांग के मुताबिक पहुंच रहे हैं। इसमें मुंबई-रत्नागिरी से मंगाया जा रहा हापुस आम कीमत, डिमांड और क्लास के मामले में दूसरे आमों से स्पेशल है।”



# हाईप्रोफाइल सोसाइटी की पहली पसंद हापुस स्पेशल आर्डर पर मुंबई से मंगाए जा रहे आम

**रायपुर।** यह आम हाईप्रोफाइल सोसाइटी की पहली पसंद बना हुआ है। थोक फल बाजार में 700 रुपए में 12 पीस की एक पेटी बिक रही है, तो वहीं चिल्हर में 900 से 1000 रुपए इसके दाम हैं। आम व्यापारियों का कहना है कि हापुस आम को आमों का राजा ऐसे ही नहीं कहा जाता है। सबसे ज्यादा डिमांड हाईप्रोफाइल सोसाइटियों में देखने को मिल रही है। अफसर, मंत्री बंगलों से आम के सीजन में लगातार स्पेशल आर्डर पर मुंबई-रत्नागिरी से हापुस आम मंगाकर डिलीवरी की जा रही है।राजधानी के लालपुर स्थित फल मंडी के आम व्यापारियों से आम के इस सीजन में आमों के आवक, कीमत, डिमांड, किस्मों को लेकर जानकारी लेने पर मालूम पड़ा कि कीमत व क्लास के मामले में राजधानी के अंदर सबसे महंगा हापुस आम ही बिक रहा है। हालांकि इसकी डिमांड शहर सहित पूरे प्रदेशभर में है। व्यापारियों के अनुसार, हापुस आम का शौकीन एक खास वर्ग ही है। इसके अलावा दूसरे किस्म के आम भी फल मंडी में मांग के मुताबिक पहुंच रहे हैं।

### इन राज्यों से आम की आवक

राजधानी की फल मंडी के व्यापारियों ने बताया कि देश के मुख्य आम उत्पादक राज्यों में आंध्रप्रदेश से बैंगनफली, सुंदरी, परकुरमान किस्म के आम, ओडिशा से दशहरी, लंगड़ा और आम्रपाली आम, कर्नाटक से तोतापुरी आम सहित महाराष्ट्र मुंबई से हापुस आम की अलग-अलग किस्में शहर सहित पूरे प्रदेश के आम के शौकीनों के बजट, डिमांड व क्लास के मुताबिक सप्लाई हो रही हैं।

## गर्मी में आम का सीजन, बाजार में हर तरह की किस्में उपलब्ध

### आमों के किस्म व कीमत

| वेरायटीज - | कीमत थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| बैंगनफली - | 40 | 50-60 |
| सुंदरी- | 60 | 70-100 |
| दशहरी- | 60 | 100 |
| लंगड़ा- | 40 | 80 |
| आम्रपाली- | 40 | 70-100 |
| तोता- | 60 | 100 |
| परकुरमान - | 40 | 70 |





### जूस सेंटरों में शौकीनों की भीड़

शहर के चौक-चौराहों पर लगे फल के ठेले-गुमटियों व जूस सेंटरों पर आम के शौकीनों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग अपने बजट, पसंद के अनुसार आम की अलग-अलग किस्में खरीदते नजर आते हैं। वहीं लोग फैमिली के साथ दोपहर-शाम के वक्त जूस सेंटरों में आम रस, आमपना का स्वाद लेते दिखाई देते हैं।



### आम की सभी किस्में उपलब्ध

लोगों की पसंद के अनुसार देशभर से आम की अलग-अलग किस्में लालपुर फल मंडी में पहुंच रही हैं। इस बार आम की आवक दोगुनी है। बैंगनफली, सुंदरी, दशहरी, लंगड़ा, आम्रपाली, तोता, परकुरमान, हापुस जैसे आमों की किस्में बाजार में उपलब्ध हैं।

- **विनोद वाधानी**, थोक फल विक्रेता, लालपुर फल मंडी



### आवक दोगुनी होने से कीमत और घटेगी

आम के शौकीनों के हर वर्ग को वैसे उनकी पसंद के आम शहर में उपलब्ध हो रहे हैं, पर उनके लिए अच्छी बात यह है कि आने वाले कुछ दिनों में आम के कीमतों में गिरावट होने की संभावना है। फल व्यापारियों की मानें तो इस साल पिछले वर्ष की अपेक्षा आम की आवक मंडी में दोगुनी हुई है, ऐसे में आम की कीमत आगे और कम होगी।

**धर्म लाइव**

# समर कैंप में दे रहे नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का ज्ञान



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 20 स्थित शांति शिखर में समर कैंप का आयोजन किया गया। मंगलवार को उद्घाटन समारोह में स्कूली बच्चों को नैतिक मूल्यों व बेहतर दिनचर्या एवं खानपान की जानकारी दी गई। इस मौके विश्वविद्यालय प्रबंधक ने बताया कि इन दिनों स्कूलों में सिर्फ किताबी ज्ञान ही दिया जाता है, इसलिए वर्तमान शिक्षा सिर्फ रोजगार प्रदान करने तक सीमित हो गई है। समर कैम्प के माध्यम से नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा देना, शिविर का मुख्य उद्देश्य है। जो भविष्य में कुशल व्यक्तित्व स्थापित करने में मदद करेगा। उद्घाटन समारोह में श्री सत्यसाईं हास्पिटल के चेयरमैन श्रीनिवास राव, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव संदीप गांधी, छात्र कल्याण अधिकारी विभा चंद्राकर, अपेक्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर कमल नारायण काण्डे, संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी उपस्थित रहे।

### बच्चों में अनुशासन जरूरी

संबोधन के दौरान अतिथियों ने कहा कि इस समर कैम्प के माध्यम से बच्चों को अनुशासन, मनोरंजन और मेडिटेशन के लिए प्रेरित किया जाएगा। वर्तमान समय में बच्चे ही देश का भविष्य है, जिन्हें बेहतर जीवन के लिए दिनचर्या में सुधार लाना जरूरी है। समर कैंप में नैतिक मूल्यों के साथ घर और स्कूल में स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता पर जोर दिया जा रहा है।

**सिटी लाइव**

# गुड्डे-गुड़ियों तक ठीक है खेल, असल जिंदगी में नहीं चाहिए बाल विवाह




**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं मेट्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह और नशामुक्ति विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मैट्स यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाल विवाह, नशा, बालश्रम और यौन उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्त करना रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश मिश्रा रहे। संजय शर्मा ने बताया कि समाज में जागरूकता की कमी के कारण बाल विवाह और नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उन्होंने कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसी घटनाएं रोकने के लिए सामाजिक एवं कानून के माध्यम से कदम उठाया जा सकता है। सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी, जब नगरवासी अपनी जिम्मेदारी समझेंगे।

### अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों से बचें

मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश मिश्रा ने बताया कि बाल विवाह सामाजिक अभिशाप है, हमारे आसपास कहीं भी बाल विवाह होने पर सतर्क एवं जागरूक रहे। बच्चे बचपन से ही गुड्डे-गुड़िया विवाह का खेल खेलते हैं, लेकिन हमारे माता-पिता को सोचना है कि यह बचपन का खेल बच्चों के लिए हकीकत ना बन जाए। इसका हमें ध्यान रखना होगा। अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों से लड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. छविनाथ, डॉ. पायल सिंघानिया, डॉ. पांडा, डॉ. अंकिता उपस्थित रहीं। महाविद्यालय से विपिन ठाकुर ने बचपन बचाओ आंदोलन के संदर्भ में कहा कि भारत सरकार ने 2030 तक देश को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# मंदिरों में शुरू हुई रथयात्रा की तैयारी, खारुन के जल से होगा देव स्नान, फिर अस्वस्थ होंगे भगवान



**रायपुर।** जगन्नाथ धाम पुरी की तर्ज पर राजधानी स्थित जगन्नाथ मंदिरों में रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष 27 जून को देशभर के जगन्नाथ मंदिरों से श्री जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए गर्भगृह से बाहर आएंगे। यात्रा से पूर्व मंदिरों में स्नान यात्रा का आयोजन 11 मई को किया गया है, जहां सैकड़ों भक्त भगवान की स्नान यात्रा में मौजूद रहेंगे। राजधानी के प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिरों में तैयारी जोरों पर है, जहां स्नान यात्रा और रथ के रंगरोगन एवं नवीनीकरण का कार्य निरंतर जारी है। गायत्री नगर स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर, टूरीहटरी स्थित जगन्नाथ मंदिर और इस्कॉन द्वारा संचालित जगन्नाथ धाम में स्नान यात्रा की तैयारी की जा रही है।

### रथयात्रा का पौराणिक इतिहास

श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार, भगवान कृष्ण ने अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ द्वारिका में निवास करते हुए एक दिन रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण का विचार किया था। इसी इच्छा की पूर्ति के लिए उन्होंने विश्वकर्मा से तीन भव्य रथों का निर्माण कराया था। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा से जुड़ी मान्यता के अनुसार, प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह की द्वितीय तिथि को रथयात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाती है। मान्यता के अनुसुार, देवी सुभद्रा की नगर भ्रमण की इच्छा पूरी करने के लिए भगवान जगन्नाथ ने 3 रथ तैयार कराए, जिसमें श्री जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र नगर भ्रमण के लिए रवाना हुए। जिसमें सबसे पहले बलभद्र का रथ, बीच में देवी सुभद्रा और अंत में श्री जगन्नाथ का रथ रखा गया, जिसका पालन आज भी जगन्नाथ धाम में किया जाता है। यात्रा के दौरान तीनों मौसी के घर गुंडिचा भी गए और 7 दिनों बाद वापस मंदिर रवाना हुए।

### श्री जगन्नाथ का खारुन नदी के जल से स्नान


पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर से राम छवि ने बताया कि रविवार 11 मई को महास्नान का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 200 से अधिक श्रद्धालुगण मंदिर परिसर में शामिल होंगे। इस मौके पर खारून नदी के जल से श्री जगन्नाथ को स्नान कराया जायेगा, इस मौके पर भक्तों को भी स्नान कराने का मौका मिलेगा। जैठ पुर्णिमा को महास्नान के बाद औषधी युक्त काढ़ा तैयार किया जायेगा, जिसमें लगभग 10 प्रकार से औषधी मौजूद रहेंगी। महास्नान के बाद श्री जगन्नाथ के अस्वस्थ होने पर उन्हें काढ़ा दिया जायेगा।

### छेरापहरा रस्म में राज्यपाल और सीएम होंगे शामिल

गायत्री नगर स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख एवं विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि अक्षय तृतीया से रथयात्रा के नवीनीकरण और रंगरोगन का कार्य शुरू हो चुका है। इस वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा 11 मई को महास्नान का आयोजन किया जा रहा, जिसमें नगरवासी सैकड़ों की संख्या में शामिल होंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति गर्भगृह से श्री जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र की प्रतिमाएं विशेष रस्म के साथ निकाली जाएंगी, जिसमें राज्यपाल और मुख्यमंत्री विशेष रूप से शामिल होंगे। छेरापहरा रस्म के बाद बाजा-गाजा के साथ धूमधाम से नगर भ्रमण यात्रा की शुरुआत होगी।

# मनुष्यों के हृदय में बैठा है परमात्मा वृक्षों में भी होता है भगवान का वास

**रायपुर।** विधानसभा आवासीय परिसर जीरो पॉइंट में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ में यति प्रवर 1008 स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने कथा प्रसंग को विस्तार देते हुए बताया कि वृक्षों में भी भगवान का निवास होता है। वृक्ष भी भगवान के स्वरूप माने जाते हैं, इसलिए भगवान के रूप में वृक्षों की भी पूजा होती है। मनुष्यों को पीड़ा देने में जो कष्ट होता है, वही कष्ट वृक्षों को भी काटने में होता है। इसलिए कभी भी वृक्षों को अनावश्यक काट-छांट के पीड़ित नहीं करना चाहिए। मनुष्यों के हृदय में बैठा हुआ परमात्मा वृक्षों में भी विराजमान होता है। वृक्षों की पूजा से भगवान की पूजा हो जाती है, यही सनातन धर्म का वास्तविक उपदेश शास्त्रों ने दिया है। उन्होंने सुकदेवजी के प्रसंग में बताया कि वेदव्यासजी जैसे महात्मा, जिन्होंने ब्रह्मसूत्र, गीता जैसे ग्रंथों की रचना की, पीड़ित होकर कातर भाव से “हे पुत्र! हे पुत्र!” पुकारते हुए सुकदेवजी के पीछे चले तो सुकदेवजी की ओर से वृक्षों ने उत्तर दिया। श्री सुकदेवजी महाराज अविकृत परमात्मा हैं, साक्षात भगवान के स्वरूप हैं। वृक्षों में जो प्रत्यक चैतन्य हैं, वही प्रत्यक चैतन्य सुकदेवजी महाराज में विराजमान हैं।




### जो भागवत में नहीं, वह कहीं नहीं

वृक्ष और सुकदेवजी में, सुकदेवजी और वृक्ष में कोई भेद नहीं है, सुकदेवजी महाराज सर्वभूत हृदय हैं, समस्त प्रकृति के हृदय हैं, अतः वृक्षों के भी हृदय हैं। मनुष्य और वृक्षों में सिर्फ उपाधि के भेद के अतिरिक्त कोई भी भेद नहीं है। भारतीय दर्शन न्याय, वैशेषिक के प्रणेता गौतम और कणाद ने भी वृक्षों को प्राणवान माना है। इसलिए श्री सुकदेवजी महाराज की ओर से वेदव्यासजी को वृक्षों ने उत्तर दिया। आगे सुधि वक्ता ने बताया कि जो भागवत में है, वह सब कहीं है और जो भागवत में नहीं है, वह कहीं नहीं है। श्रीमद भागवत हमारे अंतःकरण का दीपक है, जो हमारे हृदय में व्याप्त घोर अंधकार को भी नष्ट करने वाला है। संसार के लोगों पर कृपा करके वेदव्यासजी महाराज ने अत्यंत गुह्य पुराण की रचना कर संसारी मनुष्यों पर बहुत बड़ा उपकार किया है।

विधानसभा आवासीय परिसर जीरो पाइंट में भागवत कथा ज्ञानयज्ञ

**समाज इवेंट**

# जब भी अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, भगवान लेते हैं अवतार



**रायपुर।** श्री महामाया मंदिर सत्संग भवन पुरानी बस्ती में श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ चल रहा है। यज्ञ के चौथे दिन आचार्य पं. नंदकुमार चौबे ने कथा सोपान के दौरान कहा कि मथुरा के राजा उग्रसेन का पुत्र कंस बड़ा ही अत्याचारी, अधर्मी, वेद-पुराण विरोधी, गौ-ब्राह्मणों के ऊपर अत्याचार करने वाला राजा था। उनके अधर्म का नाश करने के लिए भगवान वासुदेव श्रीकृष्ण ने अवतार लिया। बस्ती के शर्मा परिवार द्वारा आयोजित इस श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ में श्रोतागण भक्ति-कथा सोपान का श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आचार्य ने आगे सुनाया कि भविष्यवाणी सुनते ही कंस क्रोध करके अपनी बहन देवकी के बाल को पकड़कर तलवार से मारने के लिए रथ से कूद पड़े। इस दृश्य को देखकर वसुदेव कंस को समझाते हुए प्रार्थना करने लगे कि इस संसार में जो भी जन्म लेता है। उनकी मृत्यु निश्चित होती है, चाहे वह राजा हो, प्रजा हो, ज्ञानी, सबको एक नए दिन अपनी मृत्यु स्वीकार करनी पड़ती है।

### श्रीकृष्ण के जन्म पर गोकुल में मनाईं बधाईयां

गोकुल में जब नंदराय के घर बालकृष्ण का धूमधाम से जन्मोत्सव मना। गोकुलवासियों ने खुद बधाई और शुभकामनाएं बांटीं। इधर कंस के द्वारा बालकृष्ण को मारने के लिए पूतना नामक राक्षसी को भेजा गया। पूतना ने जब बालकृष्ण को दूध के साथ जहर पिलाया और भगवान बालकृष्ण दूध पीते-पीते पूतना के प्राण ही पी गए और उसे दिव्यलोक प्रदान किया। ऐसे भगवान कृष्ण हैं, जिन्होंने जहर पिलाने वाले को भी मातृलोक प्रदान किया। महामाया सत्संग भवन में भगवान बालकृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।

## न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला

# तनावमुक्त रहने का मूलमंत्र : सिर्फ किताबों से नहीं जिंदगी से भी सीखें बच्चे, बुरे वक्त के लिए बनें मजबूत

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला तनावमुक्त जीवन की ओर एक संस्कारित पहल के अंतर्गत उपाध्याय भगवंत मनीष सागर महाराज ने पांचवे दिन मंगलवार को जीवन में तनावमुक्त रहने का मूलमंत्र देते हुए बताया कि आज बच्चे आत्मघाती कदम उठा रहे हैं, इसके पीछे हमारी ही गलती है। हम बच्चों को ये सिखाते हैं कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब। आपने बच्चों को कभी जमीन पर आने ही नहीं दिया तो वे दुनिया को कैसे परखेंगे। हमें उन्हें बुरे से बुरे वक्त के लिए तैयार करना चाहिए।

गुरु भगवंत ने एक सच्ची घटना पर आधारित प्रसंग बताते हुए कहा कि दो दोस्त एक साथ पढ़ाई करते थे और काफी अच्छा परिणाम लेकर आते थे। एक बार परीक्षा परिणाम आने के दौरान पहले दोस्त ने दूसरे को फोन करके बताया कि तुम फेल हो गए हो। वह अपने दोस्त को सरप्राइज देना चाहता था, जबकि उसके दोस्त ने उसे परीक्षा में टॉप किया था। जब वह अपने दोस्त से घर मिठाई का डिब्बा लेकर गया तो दरवाजा बंद था, घरवालों से उसने पूछा कि उसका दोस्त कहां है तो उन्होंने उसे कमरा दिखाया, जब कमरा खोलने की पारी आई तो दरवाजे को तोड़ना पड़ा। आज सहनशीलता इतनी कम हो गई है कि उसने सुसाइड कर लिया, एक बार अपना रिजल्ट देखना भी उचित नहीं समझा।




### परिस्थितियों से दुखी होना नेगेटिव थिंकिंग

गुरु भगवंत कहते हैं कि बुरा बोलना या बुरा सोचना नेगेटिव थिंकिंग नहीं है। नेगेटिव थिंकिंग वह है, जब आप प्राप्त परिस्थितियों में दुखी हो जाते हैं। कोई महिला जब अपने घर पर पति के लिए नाश्ता बना रही हो और गैस खत्म हो जाए, तब उन परिस्थितियों में आपको दुखी नहीं होना है, क्योंकि उस महिला ने अपना कर्तव्य निभाया, गैस खत्म हो गई तो गलती किसी की नहीं है। वैसे ही कोई बहन अपने भाई को राखी बांधने उसके घर गई हो और भाई ने राखी बांधने से मना कर दिया तो इस परिस्थिति के लिए भी आपको तैयार रहना है, क्योंकि बहन ने तो अपना कर्तव्य निभाया। अगर वह अपना कर्तव्य नहीं निभाती तो उसे दुखी होने की जरूरत थी। जब वह उसके घर जाती ही नहीं, तब उसका मन खराब होता, लेकिन उसने अपना कर्तव्य निभाया और अगर भाई अब दरवाजा भी न खोले तो भी मन में तनाव नहीं आने देना।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ का पैरा तीरंदाज तोमन पहली बार इटली और चीन के लिए चयनित



**रायपुर।** पहली बार छत्तीसगढ़ का एक तीरंदाज विश्व तीरंदाजी टूर्नामेंट इटली के लिए और एशियाई तीरंदाजी टूर्नामेंट के लिए चीन के लिए चयनित हुआ हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने जानकारी दी कि 30 अप्रैल से 2 मई तक नई दिल्ली में विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट और एशियाई चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी चयनित किए गए। छत्तीसगढ़ के तीरंदाज तोमन कुमार का चयन इस दौरान दोनों टूर्नामेंट में हुआ। जितने भी तीरंदाज थे उसमें टॉप दूसरे नंबर में इनका स्थान रहा, टोमन कुमार ने पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया हुआ हैं,अनुमान है कि दो-चार दिन में पासपोर्ट बनने के बाद दिल्ली से इटली के लिए रवाना होंगे। तोमन कुमार एक होनहार तीरंदाज है, पैर के तीरंदाज है और सामान्य वर्ग में खेलते हुए भी सीनियर वर्ग टाटानगर 2024 में मेडल छत्तीसगढ़ को दिला चुके है। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने कहा कि उस दिन ही हमको लगा था कि यह तीरंदाज इंटरनेशनल लेवल में जरूर चयन होगा। जो तीरंदाज सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में मेडल ला सकता है तो उसका चयन आने वाले समय में इंटरनेशनल में होगा। यह भारतीय तीरंदाजी संघ को और छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ को दोनों को विश्वास था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने बधाई दी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है। वहीं छत्तीसगढ़ के समस्त कोच समस्त तीरंदाजों ने भी बधाई दी है। कैलाश मुरारका ने उम्मीद जताई है की विश्व चैंपियन में भी हमारे छत्तीसगढ़ के तीरंदाज छत्तीसगढ़ का झंडा इटली और चीन में जरूर फहराएंगे।

### एलिट ग्रुप में आज भिलाई विरुद्ध बिलासपुर की टीम फाइनल में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टी-20 टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 26 अप्रैल से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 06 मई मंगलवार को 2 सेमी फायनल मैच खेले गये।



आनंद राव- 53 रन, तीन विकेट

**बिलासपुर ने बीएसपी के विरुद्ध हासिल की जीत :** पहला टी 20 मैच बिलासपुर एवं बीएसपी के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बीएसपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाये। बीएसपी की ओर से संगीत सोनी ने 41 रन तथा वैभव साहु ने 28 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से प्रवीण कुमार ने 4 विकेट तथा रवि रोशन सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर ने 19.2 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाकर मैच जीत लिया। बिलासपुर की ओर से पवन परनाते ने 41 नाबाद रन तथा इरफान ने 33 रन बनाये। बीएसपी की ओर से ऐश्वर्य मौर्या ने 3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

**प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध भिलाई की जीत :** दूसरा टी 20 मैच प्लेट कंबाइंड एवं भिलाई के मध्य सिविक सेंटर भिलाई के मैदान में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से कृष चोपडा ने सर्वाधिक 62 रन तथा अमित यादव ने 34 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से दिवाकर ताम्रकार ने 4 विकेट तथा आनंद राव ने 3 विकेट प्राप्त किये। 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भिलाई ने 18.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 175 रन बनाये तथा आसानी से मैच जीत लिया। भिलाई की ओर से आनंद राव ने 53 नाबाद रन तथा शुभम सिंह ने नाबाद 40 रन बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने 3 विकेट लिये। भिलाई ने मैच 6 विकेट से जीत लिया। 07 मई को प्रतियोगिता का फायनल मैच बिलासपुर तथा भिलाई के मध्य आरडीसीए मैदान,रायपुर में खेला जायेगा।

### राज्य चैंपियनशिप में पहलवानों ने जीते 9 गोल्ड सहित 11 पदक

**रायपुर।** राज्य कुश्ती संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन 4 मई को बीएसपी अखाड़ा सेक्टर 3 भिलाई में आयोजित किया गया। जिसमें बिलासपुर जिला के सिद्ध पीठ गिरजा बंध हनुमान मंदिर अखाड़ा रतनपुर के कुल 13 पहलवानों ने भाग लिया था। जिसमें 9 पहलवान ने गोल्डमेडल बालक वर्ग के फ्रीस्टाइल कुश्ती में 45 किलोग्राम भार कृष्णकांत यादव, 48 किलोग्राम भार वर्ग में प्रदीप धीवर, 51 किलोग्राम भार वर्ग में पावन धीवर, 65 किलोग्राम भार वर्ग में वेदांत कश्यप ने जीते।

## दिल की सेहत का ध्यान रखें सावधानी के साथ

# दिल की तकलीफ में सिर्फ अटैक ही नहीं हो सकती है दूसरी शिकायतें भी, जरूरी है इनके बारे में जानना

कोरोना महामारी के बाद विश्वभर में हार्ट संबंधी बीमारियां तेजी से सामने आई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की डेटा की मानें तो 2023 में हृदय रोगों से दुनियाभर में 18.6 मिलियन लोगों की मौत हो गई, जो सभी मौतों का 32% है और यह आंकड़ा डराने वाला है।

इधर भारत में बीते दो सालों में अचानक हार्ट अटैक से मरने वालों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। खासतौर पर कम उम्र के बच्चे और अधिकांश युवा हार्ट संबंधी बीमारी का शिकार हुए हैं और देखने में आया है कि उनकी मृत्यु तक हुई है। भारत में आम धारणा के अंतर्गत हार्ट संबंधी बीमारियों को केवल हार्ट अटैक या फिर कार्डियक अरेस्ट तक ही सीमित करके देखा जाता है लेकिन हार्ट संबंधी बीमारियां केवल हृदय की गति का रुक जाना ही नहीं होता बल्कि ऐसी कई दूसरी समस्याएं भी होती हैं जिनका सीधा संबंधी हार्ट की सेहत से होता है।

ऐसी बीमारियों में रोगी को लक्षण महसूस होते हैं लेकिन उन्हें पता ही नहीं चल पाता है कि उन्हें हार्ट संबंधी बीमारी है और जब तक रोगी इलाज के लिए पहुंचे हार्ट को बहुत क्षति पहुंच सकती है। दरअसल, हृदय रोग केवल लाइफस्टाइल की ही नहीं बल्कि अन्य दूसरे पहलुओं से भी जुड़ी बीमारी है।

बहरहाल, आइए जानते हैं हार्ट संबंधी ऐसी कौन सी बीमारियां हैं जिन पर सामान्य तौर हमारा ध्यान नहीं जाता और इसे हम केवल कॉलेस्ट्रॉल और लाइफस्टाइल से ही जोड़कर देखते हैं।



### धमनियों में कॉलेस्ट्रॉल जमाव की बीमारी

इसे कोरोनरी आर्टरी डिसीज यानी की सीएडी कहा जाता है। यह बीमारी तेल, कॉलेस्ट्रॉल युक्त चीजें और गलत खान-पान व खराब लाइफस्टाइल के चलते होती है। ये बीमारी धमनियों, जिन्हें कोरोनरी धमनियां कहा जाता है जो दिल की धड़कन के पंप को सही रूप से रक्त पहुंचाने का काम करती है, उसमें बैड कॉलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण होती है। सामान्य तौर पर हार्ट अटैक का कारण यही होता है।

### हार्ट फेलियर या दिल का काम करना बंद कर देना

इसे आसान शब्दों में हार्ट फेल्योर कहा जाता है। हार्ट फेल्योर एक बीमारी है जिसमें हार्ट का पंप फंक्शन पहले धीमे-धीमे कमजोर हो जाता है और बाद में बंद हो जाता है जिससे शरीर के जरूरी हिस्सों में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है इससे व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।



### हाइपरटेंशन

हाइपरटेंशन इसे हाई ब्लड प्रेशर भी कहते हैं जिसके कारण भी हार्ट की फंक्शनिंग पर असर होता है। यह खतरनाक हो जाता है, क्योंकि यह कोरोनरी धमनियों को खराब करता है और हार्ट के जोड़ों को कमजोर कर देता है जिससे हार्ट को क्षति पहुंचती है और कई बार व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।

इसके अलावा रैजमियोपैथी ऐसी बीमारी होती है, जिसमें हार्ट की धड़कन गति अनियमित हो सकती है। इसे दूसरे शब्दों में कहें तो हार्ट एक निश्चित समयावधि में उतनी बार नहीं धड़कता है जिसे नॉर्मल कहा जाता है। यह बीमारी गंभीर होती है और कई दूसरी समस्याओं का कारण बनती है।

### कोर पल्पिटेशन



हार्ट की इस बीमारी में हार्ट की धड़कन बेहद तेज या असामान्य हो जाती है। कई बार रोगी को यह महसूस होता है उसकी हार्ट की गति बंद सी हो गई है। यह बीमारी कई बार दूसरी बीमारियों के साथ जुड़ती है। हार्ट की यह बीमारी वाल्व से जुड़ी होती है। हार्ट में दो वॉल्व होते हैं यदि उसमें से कोई एक खराब हो जाए या ठीक तरह से काम नही करे तो यह बीमारी होती है। इस बीमारी में धड़कन सही तरीके से काम नहीं करती है। कोर पल्पिटेशन में हार्ट की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं।



## आपके तलवे की बनावट में छिपा है किस्मत का राज, जानें कैसे

ज्योतिष शास्त्र में हाथों और पैरों की लकीरों में भी हमारी किस्मत और भविष्य से जुड़ी कुछ बातें छिपी होती। हैं। आपने अक्सर लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि हाथों की लकीरें आपकी तकदीर बदल सकती हैं, लेकिन सिर्फ हाथ ही नहीं बल्कि आपके तलवे में भी कुछ लकीरें होती हैं जो आपके आने वाले समय और आपकी पर्सनैलिटी का पता चलता है। ज्योतिष में ही एक है समुद्र शास्त्र जिससे आपके आने वाले समय के बारे में जानकारी आपके शरीर के कुछ हिस्सों को देखकर बताई जाती है। इसी में एक होती है फुट रीडिंग यानी कि हाथों के साथ पैरों की रेखाओं से भविष्य बताना। फुट रीडिंग भारत और चीन में एक प्राचीन अवधारणा है और इसमें एक व्यक्ति को अपने पैर की उंगलियों या अपने तलवों की रेखाओं के बारे में जानकारी लेना शामिल है। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि तलवे अपने पैरों के शीर्ष की तुलना में किसी व्यक्ति के बारे में अधिक बताते हैं और आपके भविष्य की जानकारी भी देते हैं।

### क्या कहता है फुट रीडिंग का विज्ञान



यह रिफ्लेक्सोलॉजी का एक विस्तार है और माना जाता है कि यह स्वास्थ्य के मुद्दों, भावनात्मक कल्याण और व्यक्तित्व प्रकार को प्रकट करता है। फुट रीडिंग विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास एक पुरुष और एक महिला के पैर होते हैं, जिसमें दायां एक पुरुष के रूप में कार्य करता है और बाएं एक महिला के रूप में माना जाता है।

### पैर की बनावट बताती है स्वभाव

शीतल जी बताती हैं कि आपके पैरों के तलवों से आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें – यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं। पैरों के तलवे की रेखाएं यदि तिरछी हैं तो ये आपके अनिर्णय को दर्शाती हैं। ऐसे लोग किसी भी बात के लिए दृढ़ नहीं हो पाते हैं और अपने निर्णय लेने में देरी करते हैं। नैरो हील्स का मतलब है कि आपको ज्यादा सुरक्षा की जरूरत है और आप कई बातों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। यदि आपके पैर के उत्तर से दक्षिण तक लंबी लाइन है तो आप अपने आप पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं। वास्तव में यदि आप किसी चीज़ के बारे में अनिर्णायक हैं या अपने जीवन के किसी पहलू में संघर्ष कर रहे हैं, तो एक फुट रीडिंग आपकी दुविधा को दूर कर सकती है।

### पैरों की रेखाओं में छिपी है किस्मत

फुट रीडिंग में तलवे में कुछ ऐसी रेखाएं होती हैं जो पैर के तलवों की बनावट और उनमें बने निशान के आधार पर भविष्य के बारे में बताते हैं। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों के तलवे दिखने में नरम होते हैं और इसमें कम रेखाएं दिखती हैं वो ज्यादा भाग्यशाली होते हैं।

## जन्मदिन पर आप भी तो नहीं करते हैं ज्योतिष से जुड़ी गलतियां

हर व्यक्ति के लिए उसका जन्मदिन बहुत ही विशेष माना जाता है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए वह कई तरह के काम करता है, ताकि शुभ फलों की प्राप्ति हो सके। सभी व्यक्ति के लिए उसका जन्मदिन बहुत ही विशेष होता है। जिसे उत्सव के रूप में पूरे विधि-विधान के साथ मनाया जाता है। इस दिन कई लोग केक काटकर, मोमबत्तियों को बुझाया जाता है और गुब्बारे फोड़े जाते हैं।



वहीं कुछ लोग जन्मदिन के सुअवसर पर दीर्घायु की मंगलकामना के लिए दीपक जलाते हैं। ऐसी मान्यता है कि पूरे विधि-विधान के साथ जन्मोत्सव मनाने से आयु और आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

अब ऐसे में इस दिन कई ऐसे ज्योतिष नियम हैं, जिन्हें करने की मनाही होती है। जो बहुत ही अशुभ माना जाता है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि जन्मदिन पर किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

### जन्मदिन पर तामसिक भोजन का आहार करने से बचें

अक्सर ऐसा होता है कि लोग अपने जन्मदिन पर तामसिक भोजन खाते हैं और जश्न मनाते हैं, लेकिन इस दिन तामसिक भोजन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इसे बहुत ही अशुभ माना जाता है और व्यक्ति के जीवन में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आने लग जाती है। इसलिए इस दिन तामसिक चीजों से दूर रहें।

### जन्मदिन पर शराब पीने से बचें

जन्मदिन पर शराब भूलकर भी नहीं पीना चाहिए। कई लोग अपने जन्मदिन पर मांस-मदिरा का सेवन खूब करते हैं। जो बहुत ही अशुभ माना जाता है। इससे नकारात्मकता का संचार होता है और व्यक्ति को कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती है।

### जन्मदिन पर बाल और नाखून न काटें

जन्मदिन पर नाखुन और बाल भूलकर भी नहीं कटवाना चाहिए। इससे घर में कलह-क्लेश की स्थिति बनती है और सभी देवी-देवता (देवी-देवता मंत्र) भी क्रोधित हो सकते हैं। इसलिए अपने जन्मदिन पर इन बातों का खास ध्यान रखें।

### जन्मदिन पर बड़े-बुजुर्ग और साधु का अपमान न करें

जन्मदिन पर बड़े-बुजुर्ग और साधु का अपमान भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इससे देवी-देवता नाराज हो सकते हैं और व्यक्ति के कभी सफलता (सफलता मंत्र) की प्राप्ति नहीं हो सकती है। इसलिए अगर आपके घर पर कोई भी आए।

## बाजार जैसा लच्छा पराठा बनाएं, स्वाद जीत लेगा

नाश्ता हो या फिर लंच व डिनर गर्मागर्म पराठे हर मौके पर लजीज लगते हैं। पराठे ग्रेवी सब्जी से ड्राई सब्जी तक के साथ खाने में स्वादिष्ट लगते हैं। अधिकतर लोगों को



पराठा पसंद होता है। पराठे के तरह से बनते हैं। लेकिन जब पराठे में ढेर सारी परते होती हैं तो उसका स्वाद दोगुना हो जाता है। लच्छा पराठा तो खाने के जायजा ही बदल देता है पर आमतौर पर घर पर लोग कई लेयर्स या परतों वाला पराठा नहीं बना पाते। इसे आप लच्छा पराठा भी कह सकते हैं। पराठे में जितनी ज्यादा परते होती हैं, उसका स्वाद उतना ही अच्छा लगता है। बाजार के लच्छा पराठा खाने के लिए आप पैसे खर्च करते हैं लेकिन हम आपको बताने जा रहे हैं 7 लेयर पराठा बनाने की रेसिपी। लच्छा पराठा बनाने की कुछ आसान टिप्स और ट्रिक्स हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में परफेक्ट पराठा बना सकती हैं।

## विदेश में पढ़ाई के साथ वहीं बनाना चाहते हैं करियर, इन वास्तु टिप्स से मिलेगी मदद

### करें गायत्री मंत्र का जाप

गायत्री मंत्र का जाप करने से विद्यार्थियों को ना केवल अच्छे विचार आते हैं, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मकता भी बढ़ती है। इसलिए, जब आप सुबह उठते हैं तो उस समय अपने घर के पूर्व दिशा की खिड़की खोलें और पूर्व दिशा की ओर मुख करके गायत्री मंत्र का जाप करें। अगर पूर्व दिशा में खिड़की नहीं है तो आप छत पर जा सकते हैं या फिर पार्क में भी जा सकते हैं।

### प्लास्टिक के सामान से बचें

चूंकि स्टडी टेबल आपकी पढ़ाई से जुड़ी है, इसलिए इसका गहरा प्रभाव आपकी शिक्षा पर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप अपनी स्टडी टेबल पर किसी तरह का प्लास्टिक का सामान रखने से बचें। कोशिश करें कि आप प्लास्टिक की जगह कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर अगर शोपीस रखना चाहते हैं तो प्लास्टिक की जगह लकड़ी का बना हुआ शोपीस रखें।

### उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें डॉक्यूमेंट

आपको विदेश में जिस कोर्स में दाखिला लेना है या फिर आपकी स्टडी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स को आप हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें। इससे इनमें पॉजिटिविटी बनी रहती है और आपके विदेश जाने के आसार अधिक बनते हैं। वहीं, अगर आपको कोई मेडल या अवॉर्ड मिला है, तो उन्हें हमेशा उत्तर दिशा में रखें।

### बेकार की चीजों से बचें

हमेशा ध्यान रखें कि आप अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास बेकार की चीजें ना रखें। बेकार की चीजें जैसे रद्दी, पुरानी टूटी-फूटी चीजें या फिर खराब सामान आपके आसपास के औरा को खराब करता है। जिससे उस जगह पर नेगेटिविटी फैलती है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'थंडरबोल्ट्स' की पोस्ट-क्रेडिट सीन पर हुआ बड़ा खुलासा



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स*' को लेकर फैंस में उत्साह चरम पर है। हाल ही में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स खासकर रेडिट पर फिल्म की पोस्ट-क्रेडिट सीन को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। कई फैंस का मानना था कि यह सीन न केवल 'फैंटास्टिक फोर' की एंट्री का संकेत देता है, बल्कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से भी जुड़ा है। अब फिल्म के निर्देशक जेक श्रेयर ने एक इंटरव्यू में इन अटकलों को सच करार दिया है।

जेक श्रेयर ने एंटरटेनमेंट वीकली को दिए इंटरव्यू में पुष्टि करते हुए कहा कि थंडरबोल्ट्स* का अंतिम पोस्ट-क्रेडिट सीन वास्तव में 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए बनाया गया था। यह सीन हाल ही में जोड़ा गया और यह भविष्य की कहानी का संकेत देता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या न्यू एवेंजर्स सबसे पहले 'फैंटास्टिक फोर' से मिलेंगे तो उन्होंने साफतौर पर जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, ₹आप जितना जानते हैं, उतना ही मैं जानता हूं। मैं उस सीन के सेट पर था, लेकिन मैंने इसे निर्देशित नहीं किया। यह उस फिल्म का हिस्सा है, जिसका प्रोडक्शन सोमवार से शुरू हो रहा है।₹

श्रेयर ने कहा कि वॉचटावर में फिल्माया गया आखिरी शॉट भी पिछले महीने ही शूट किया गया। उन्होंने कहा, ₹मैं वहां मौजूद था और इसे देखकर बहुत खुश हुआ। अपने किरदारों को एक बड़े कैनवास पर देखना रोमांचक था। हम अपनी छोटी दुनिया में काम कर रहे थे, लेकिन उन्हें इस बड़े संदर्भ में देखना मजेदार था।₹ 'थंडरबोल्ट्स' में एक ऐसा मोड़ है, जिसने सभी को चौंका दिया है।

### टॉलीवुड

## 'हरी हर वीरमल्लू' की शूटिंग में शामिल हुए पवन कल्याण, मेकर्स ने किया ट्रेलर जारी



'हरि हर वीरमल्लू' पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पवन कल्याण के बिजी शेड्यूल के कारण इसे टालना पड़ा। अब निर्माताओं ने फैंस को खुशखबरी दी है कि जल्द ही फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर और गाने रिलीज किए जाएंगे। अभिनेता और राजनेता पवन कल्याण ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरमल्लू' की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी जानकारी दी और बताया कि अब केवल दो दिन की शूटिंग बाकी है। राजनीति में व्यस्त होने के बावजूद पवन कल्याण ने अपने फिल्मी प्रोजेक्ट के लिए समय निकाला है।'हरि हर वीरमल्लू' पहले 9 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पवन कल्याण के बिजी शेड्यूल के कारण इसे टालना पड़ा। अब निर्माताओं ने फैंस को खुशखबरी दी है कि जल्द ही फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर और गाने रिलीज किए जाएंगे। साथ ही, फिल्म की रिलीज डेट का एलान भी जल्द होने की संभावना है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'पावरस्टार पवन कल्याण ने 'हरि हर वीरमल्लू' की आखिरी दो दिन की शूटिंग शुरू कर दी है। इसके साथ ही इस भव्य फिल्म की शूटिंग का सफर पूरा होने जा रहा है।' उन्होंने फैंस को उत्साहित करते हुए कहा, 'तैयार हो जाइए, जल्द ही शानदार ट्रेलर और जोशीले गाने आपके सामने होंगे। इस तूफान का काउंटडाउन शुरू हो चुका है।' 'हरि हर वीरमल्लू' एक ऐतिहासिक एक्शन फिल्म है, जो 17वीं सदी के मुगल साम्राज्य की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म एक प्रसिद्ध डाकू वीरमल्लू के जीवन को दर्शाएगी। फिल्म को दो हिस्सों में रिलीज किया जाएगा। इसका निर्देशन कृष जगारलामुडी और एएम ज्योति कृष्णा ने किया है।

### वेब सीरीज

## 'ग्राम चिकित्सालय' में मुनिरका किरदार निभा रहे विनायक, 9 को होगी रिलीज



द वायरल फीवर ( टीवीएफ) प्रोडक्शन हाउस मुंबई के बैनर द्वारा निर्मित वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय' 9 मई को अमेजॉन प्राइम में रिलीज होने जा रही है। इसकी शूटिंग डोंगरगढ़ और बेरला रोड स्थित खमतराई गांव के आसपास हुई है। 'ग्राम चिकित्सालय' के निर्देशक राहुल पांडे हैं। इसमें अमोल पाराशर, विनय पाठक, आनंदेश्वर द्विवेदी, आकाश मखीजा, आकांशा रंजन कपूर, गरिमा विक्रांत सिंह ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। इस वेब सीरिज में छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकारों ने भी अपना योगदान दिया है। इस वेब सीरीज में छत्तीसगढ़ के चरित्र अभिनेता विनायक प्रसाद अग्रवाल ने मुनिरका नाम का किरदार निभाया। वेब सीरिज की टीम में अमित जैन (लाइन प्रोड्यूसर), मंगल राम क्षत्रिय (प्रोडक्शन मैनेजर), अमर राज चौहान (कास्टिंग डायरेक्टर). गोवर्धन कुम्हार (आर्यन) (प्रोडक्शन बॉय),शशांक परगनिहा (प्रोडक्शन बॉय),तन्मय शर्मा. (परिवहन एवं यात्रा समन्वयक),.राजवीर गुप्ता (रघु) (प्रोडक्शन),राहुल वर्मा (शूटिंग वाहन एवं लोकेशन को-ऑर्डिनेटर),चंदन साहू (अकाउंटेंट एरा फिल्म्स), ग्रेसी (अकाउंटेंट एरा फिल्म्स), दादू साहू (प्रोडक्शन रनर परचेजिंग), तेज (धावक बालक) मनीष (धावक बालक), मोहित नेताम (जूनियर्स स्थानीय समन्वयक घोटिया गांव) सहित अन्य लोगों का विशिष्ट योगदान है। पूर्व में निर्मित वेब सीरीज ग्राम 'पंचायत' जबरदस्त चर्चित एवं लोकप्रिय रही है, वैसे ही उम्मीद की जा रही है कि 9 में को रिलीज होने वाली वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय' को भी दर्शकों का प्यार मिलेगा।

### पुर्तगाल की खूबसूरती

लाइफ स्टाइल



पुर्तगाल का फैशन पूरी दुनिया में चर्चित है। यहां मिन्हो के उत्तरी क्षेत्र में, विशेष रूप से वियाना डू कास्टेलो में, रोमारिया डे नोसा सेन्होरा दा एगोनिया जैसे त्योहारों के दौरान पहनी जाने वाली पारंपरिक पोशाक में लड़कियों के लिए रंगीन कढ़ाई वाले बनियान, सफेद स्कर्ट और सिर पर स्कार्फ पहना जाता है, जबकि पुरुष सफेद चादरों के साथ काली पतलून और रिबन से सजे बॉलर पहन सकते हैं। इसे अब आधुनिक फैशन में भी अपनाया जा चुका है।

## बिना हीटिंग टूल्स की मदद से भी कर सकती हैं अपने बालों को स्ट्रेट



क्या आपके बाल घुंघराले हैं? इसलिए आपको अपने बाल नहीं पसंद। ज्यादातर लोग बालों को सीधा करने के लिए हेयर ट्रीटमेंट जैसे स्ट्रेटनिंग और स्मूदनिंग करवाते हैं, लेकिन ये ट्रीटमेंट लंबे समय तक नहीं चलते हैं। साथ ही, बालों को डैमेज कर देते हैं। इसके कारण कई बार बाल झड़ने और टूटने लगते हैं।

बाजार में हींट टूल्स मिलते हैं, जिनकी मदद से भी बाल सीधे हो जाते हैं। इन प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल हीट होती है, जिससे बाल खराब हो जाते हैं। सोचिए अगर आपके पास हेयर स्ट्रेटनर न हो, तो आप क्या करेंगी? कई तरीके हैं, जिनकी मदद से आप बालों को सीधा कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको बिना हीटिंग टूल्स के बालों को स्ट्रेट करने के साथ-साथ हेयर केयर टिप्स भी बताएंगे।

### बालों में चावल का पानी लगाने के फायदे

बालों को स्ट्रेट करने के लिए आप चावल के पानी का इस्तेमाल किया जा सकता है। चावल के पानी में विटामिन ए, सी, ई, फ्लेवोनोइड्स और फेनोलिक कंपाउंड पाए जाते हैं। ये सभी तत्व बालों को टेक्सचर को बेहतर बनाने का काम करते हैं। कोरियन स्किन और हेयर केयर में चावल का पानी एक अहम हिस्सा है। चावल के पानी के उपयोग से बाल शाइनी, स्ट्रेट और लंबे होने लगते हैं। सबसे पहले चावल को पानी से अच्छे से धो लें, ताकि धूल-गदंगी साफ हो जाए। अब चावल में साफ पानी डालें और भीगने के लिए छोड़ दें। करीब 1-2 घंटे बाद चावल के पानी को छलनी से छानकर एक स्प्रे बोतल में भर लें। चावल के पानी को 24 घंटे तक फर्मेंट होने के लिए रख दें। बालों को शैंपू करने के बाद चावल के पानी से हेयर रिंस करें।

### एलोवेरा से बाल सीधे कैसे करें?

क्या आपके बाल घुंघराले हैं। इन्हें स्ट्रेट करने के लिए आप हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन ये प्रोडक्ट्स बालों को फायदा कम नुकसान ज्यादा पहुंचाते हैं।

## मीनाकारी पायल के ये डिजाइंस बढ़ाएंगे आपके पैरों की शोभा



पैरों को आकर्षक लुक देने के लिए आपको कई तरह के डिजाइन में पायल आसानी से मिल जाएंगी। किसी भी डिजाइन को चुनने से पहले आप पैरों की शेप का ख्याल जरूर रखें।



ज्वेलरी पहनना हम सभी काफी पसंद करते हैं और इनमें कई वैरायटी और डिजाइन आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़लाइन मार्केट तक में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं आजकल आर्टिफिशियल ज्वेलरी का क्रेज काफी बढ़ गया है और इसे कई तरीके से स्टाइल भी किया जा रहा है। पैरों की शोभा बढ़ाने के लिए मार्केट में पायल के कई डिजाइन मिल जाते हैं, लेकिन एवरग्रीन स्टाइल की बात करें तो मीनाकारी डिजाइन आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं मीनाकारी डिजाइन में पायल के नए डिजाइंस।

### डोली डिजाइन पायल

पैरों की शोभा बढ़ाना चाहती हैं तो इस तरीके के हैवी डिजाइन की पायल को पैरों में पहन सकती हैं। इसमें आपको कई कलरफुल मीनाकारी डिजाइन में काफी पैटर्न आसानी से मिल जाएगा। इस तरह की पायल डिजाइन आपको मार्केट में लगभग 250 रुपये से लेकर 450 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। अगर आपके पैर चौड़े नहीं है तो इस तरीके के डिजाइन की पायल को आप अवॉयड ही करें।

### डबल चैन डिजाइन पायल

अगर आप सिंपल डिजाइन की पायल नहीं पहनना चाहते हैं तो इस तरीके की डबल या ट्रिपल पायल डिजाइन को पैरों में पहन सकते हैं। इस तरह के डिजाइन में आपको कई मीनाकारी डिजाइन के पैटर्न आसानी से मिल जाएंगे। वहीं आर्टिफिशियल में आपको इस तरीके की पायल करीब 200 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की पायल में आप अपनी मर्जी से जितनी चाहे उतनी लेयर्स बनवा सकती हैं।

### स्टोन डिजाइन पायल

वैसे तो कई तरह के स्टोन आपको पायल में आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप सिंपल डिजाइन की भारी पायल पैरों में पहनना चाहती हैं तो इस तरीके का मेहंदी डिजाइन आपके पैरों को आकर्षक लुक देने में मदद करेगा। इस तरीके की पायल आपको मार्केट में लगभग 150 रुपये से लेकर 300 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इसमें आपको अन्य कई कलर्स भी आसानी से मिल जाएंगे।

## बैकहैंड पर लगाएं ये खूबसूरत और आसान मेहंदी डिजाइन



मेहंदी लगाना महिलाओं को काफी पसंद होता है। अब तो कई सारे ऐसे त्योहार और शादी का सीजन आ रहा है कि महिलाएं सबसे ज्यादा मेहंदी लगाना पसंद करेंगी। कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जो डिजाइन के अलग-अलग ऑप्शन ऑनलाइन सर्च करती हैं और बाहर से जाकर वैसे ही डिजाइन को हाथों में लगवाती हैं। इस बार आपको हम बैकहैंड के कुछ ट्रेंडी डिजाइन के बारे में बताएंगे। इन्हें लगाना भी काफी आसान है और ये सिंपल भी होते हैं।

अगर आपको बैकहैंड पर खुला खुला मेहंदी का डिजाइन लगाना है। वो भी भरकर तो इसके लिए आप इस डिजाइन को क्रिएट कर सकती हैं। बस आपको दोनों हाथों में अलग-अलग डिजाइन क्रिएट करना है। एक में आपको गोल टिक्की डिजाइन के साथ फूल क्रिएट करना है। दूसरे में एक तरफ फूल और दूसरी तरफ लाइन खींचकर उसमें गोल डिजाइन बनाना है। इस तरीके से आपकी खूबसूरत सिंपल मेहंदी लगकर रेडी हो जाएगी। इन्हीं डिजाइन को आप उंगलियों पर क्रिएट कर सकती हैं।

**चेन मेहंदी डिजाइन :** मेहंदी डिजाइन के आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। लेकिन अगर आपको बैकहैंड पर सिंपल मेहंदी लगानी है तो इसके लिए आप इस तरीके के चेन मेहंदी डिजाइन को क्रिएट करा सकती हैं। इसमें कलाई पर ऊपर और नीचे की तरफ फूल का डिजाइन बनाया जाएगा। जिसे पत्तियों कंप्लीट किया जाएगा। फिर ऊपर की तरफ चेन बनानी है। इसके बाद उंगलियों पर फूल का डिजाइन दोबारा क्रिएट करना है। ऐसे आपका बैकहैंड मेहंदी डिजाइन लगकर रेडी हो जाएगा।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग



महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।

### दो रंग की चूड़ियों को मिक्स -मैच करें-

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

**टिप्पः** हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए। हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए।

### कार्नर न्यूज

### कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होते स्ट्राइप्स प्रिंट्स, जरूर अपनाएं

## स्ट्राइप्स आउटफिट को कैरी करते समय छोटे-छोटे टिप्स को करें फॉलो, निखर उठेगी आप की खूबसूरती

खुद को स्टाइल करते हुए हम सभी कई तरह के स्टाइल व प्रिंट्स को कैरी करते हैं। फैशन की इस दुनिया में यू तो स्टाइल बदलते रहते हैं। लेकिन कुछ ऐसे प्रिंट्स होते हैं, जो कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होते हैं। इन्हीं प्रिंट्स में से एक है स्ट्राइप्स। स्ट्राइप्स को हम सभी कभी साड़ी तो कभी सूट तो कभी टॉप में इस प्रिंट को स्टाइल करते हैं। स्ट्राइप्स में भी आपको कई तरह के पैटर्न मिल जाएंगे, जिन्हें आप अपने स्टाइल व पसंद के अनुसार पहन सकती हैं। कई बार ऐसा होता है कि आप स्ट्राइप्स में भी अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि स्ट्राइप्स पहनते समय आप कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको स्ट्राइप्स आउटफिट पहनते समय ध्यान रखना चाहिए-



### बॉडी टाइप का रखें ध्यान

स्ट्राइप्स पैटर्न में आपको चौड़ाई से लेकर कलर व डायरेक्शन तक काफी वैरिएशन मिल जाएंगी। इसलिए, यह जरूरी है कि जब भी आप स्ट्राइप्स पहनें तो इन छोटी-छोटी चीजों पर फोकस करें। स्ट्राइप्स को हमेशा अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए ही पहनना चाहिए। मसलन, अगर आप अधिक लंबी और स्लिम दिखना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल स्ट्राइप्स पहनना अच्छा आइडिया है। वहीं, अपनी बॉडी को थोड़ा हैवी दिखाने के लिए हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स पहन सकती हैं।

### अलग-अलग स्ट्राइप्स को करें स्टाइल

अगर आप स्ट्राइप्स में भी स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इसका एक अच्छा तरीका है कि आप अलग-अलग स्ट्राइप्स को एक साथ स्टाइल करें। मसलन, आप थिन स्ट्राइप्स और थिक स्ट्राइप्स को एक साथ पहन सकती हैं। अगर आप साड़ी पहन रही हैं तो ऐसे में आप थिक व थिन स्ट्राइप्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसी तरह, आप थिन स्ट्राइप्स शर्ट के साथ थिक स्ट्राइप्स स्कर्ट या पैंट को पहन सकती हैं। इससे आपका लुक यकीनन काफी स्टाइलिश लगेगा।



स्ट्राइप्स में यूं तो आप एक खास पैटर्न को पहनकर भी स्टनिंग दिख सकती हैं। लेकिन अगर आप स्ट्राइप्स में अलग-अलग पीसेस पहन रही हैं तो आपको इसके कलर पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आप स्ट्राइप्स में ऐसे कलर्स पहनें, जो एक-दूसरे को कॉम्पलीमेंट करें। अगर आप अलग-अलग कलर्स को एक साथ पहनने में कंफर्टेबल नहीं हैं तो आप कुछ क्लासिक कॉम्बिनेशन जैसे ब्लैक एंड व्हाइट या फिर रेड एंड व्हाइट को पहन सकती हैं। यह कॉम्बिनेशन हर किसी पर अच्छा लगता है।

स्ट्राइप्स पहनते समय ओकेजन पर ध्यान देना भी बेहद जरूरी है। स्ट्राइप्स को आप किसी भी ओकेजन पर पहना जा सकता है। बस जरूरी है कि आप सही तहर से उसे स्टाइल करें। मसलन, अगर आप केजुअल्स में स्ट्राइप्स पहन रही हैं तो ऐसे में बोल्ड स्ट्राइप्स पैटर्न पहनें। वहीं, अगर आप फॉर्मल इवेंट में स्ट्राइप्स पहन रही हैं तो ऐसे में आप सटल शेड्स पहनना अच्छा विचार हो सकता है।